# NOTIFICATIONS (अधिसूचनायें)

**[Notification No. 7 (47) Rules/HQ/Transport/87, dated 6.6.1994, Pub. In Raj. Gazette E.Q. Part 4(Ga) ii dated 6.6.1994].**– In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 200 of Motor Vehicles Act, 1988 (Central Act No. 59 of 1988), the State Government in supersession of all previous notifications issued in this behalf hereby authorise:–

(1) In Transport Department, any officer not below the rank of Motor vehicle Sub-Inspector.

(2) In Police Department:–

(a) any officer not below the rank of Sub-Inspector of Traffic in Jaipur City.

[4][(b) Dy. Superintendent of Police/Circle Officer, SHO not below rank of Sub-Inspector, Inspector of Traffic Police and Inspector of Mobile Traffic Units throughout the State except Jaipur city.]

[1][(c) Sub-Inspector of Traffic in all Range Head Quarters except Jaipur city.]

to compound the offences committed under the said Act and punishable under section mentioned in column 2 of the Schedule below for the amount specified in corresponding column No 3:–

**SCHEDULE**

| S. No. | Section under which the offence committed is to Be compounded | Amount in Rs. for which the offence is to be compounded |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| [2][1. | 177 | 100/– for first offence<br>300/– for subsequent offence] |
| 2. | 178(1) | Ten times the fare or Rs. Five hundred, whichever is less. |
| 3. | 178(2) | Ten times the fare or Rs. Five hundred, whichever is less |
| 4. | 178(3)(a) | 40/– |
| 5. | 178(3)(b) | 100/– |
| [3][6. | 179(1) | 300/–] |
| [3][7. | 179(2) | 500/–] |
| [3][8. | 180 | 200/– for Non-transport Vehicle<br>500/– for Transport Vehicle] |
| [3][9. | 181 | 200/– for Non-transport Vehicle |

1. Added by Noti. No. F. 7(47) Rules/Hq./Tr./87/II, dated 6.9.2005
2. Subs. by Noti. No. F. 7(47) Rules/Hq./Tr./87, dated 14.7.1998.
3. Subs. by Noti. No. F 7(47) Rules/Hq./Tr./87/II, dated 30.11.2004.
4. Subs. by Noti. No. F. 7(47) Rules/Hq/Tr./87/II/11345-55, dated 5.10.2007.

| 1 | 2 | | 3 |
|---|---|---|---|
| | | | 500/– for Transport Vehicle] |
| 10 | 182(1) | | 250/– |
| 11 | 182(2) | | 50/– |
| [1][12. | 183(1) | | 400/– |
| | 183 (2) | | 300/– |
| 13. | 183(2) | | 200/– |
| [1][14. | 184 | | 1000/– (1) Driving dangerously |
| | | | 200/– (2) Drive two wheeled vehicle without wearing helment |
| | | | 300/– (3) Drive vehicle without fastening the seat belt |
| | | | 300/– (4) Drive vehicle engaging himself in cellular phone] |
| 15. | 186 | | 200/– |
| [1][16. | 189 | | 500/–] |
| 17. | 191 | | 250/– |
| 18. | 192 | | |
| | (a) | **Using vehicle without Registration:–** | |
| | 1. | Two Wheeler | 100/– |
| | 2. | Three Wheeler passenger vehicle: | |
| | | (i) Auto Ricksha/Auto To[illegible] | 500/– |
| | | (ii) Other Vehicle Tempo/[illegible] etc. | 1000/– |
| | 3. | Other than three Wheele[illegible] Vehicles:– | |
| | | (i) With seating capacity upto 6 in all | 1500/– |
| | | (ii) With seating capacity 7 to 12 in all | 2000/– |
| | | (iii) With seating capacity 13 to 25 in all | 2500/– |
| | | (iv) with seating capacity above 25 in all | 4000/– |
| | 4. | Tractor/Trailer | 1000/– |
| | 5. | Light Goods Vehicle | 2000/– |
| | 6. | Medium Goods Vehicle | 3000/– |
| | 7. | Heavy Goods Vehicle | 4000/– |
| | (b) | **Using Vehicles without Permit:–** | |
| | 1. | Three Wheeler Passenger vehicles:– | |
| | | (i) Auto Rickshaw/Auto Tonga | 500/– |
| | | (ii) Other Vehicle Tempo/Vikram etc. | 1000/– |

1. Subs. by Noti. No. F. 7(47) Rules/Hq./Tr./87, dated 30.11.2004.

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| | 2. Other than three wheeler Passenger Vehicles:– | |
| | (i) With seating capacity upto 6 in all | 1500/– |
| | (ii) With seating capacity 7 to 12 in all | 2000/– |
| | (iii) With seating capacity 13 to 25 in all | 2500/– |
| | (iv) With seating capacity above 25 in all | 4000/– |
| | 3. Light Goods Vehicles | 1000/– |
| | 4. Medium Goods Vehicles | 1500/– |
| | 5. Heavy Goods Vehicles | 2000/– |
| | (c) **using vehicles in contravention of condition of permit mentioned in Section 192 other than the condition of over crowding of passengers :–** | |
| | 1. Three Wheeler Passenger Vehicles:– | |
| | (i) Auto Ricksha/Auto Tonga | 250/– |
| | (ii) Other Vehicles Tempo/Vikram etc. | 500/– |
| | 2. Other than three wheeler Passenger Vehicles :– | |
| | (i) With seating capacity upto 6 in all | 750/– |
| | (ii) With seating capacity 7 to 12 in all | 1000/– |
| | (iii) With seating capacity 13 to 25 in all | 1250/– |
| | (IV) With seating capacity above 25 in all | 2000/– |
| | 3. Light Goods Vehicles | 500/– |
| | 4. Medium Goods Vehicles | 750/– |
| | 5. Heavy Goods Vehicles | 1000/– |
| | (d) **For over-crowing passengers:–** | |
| | (i) Three Wheelers Passenger Vehicle | 20/– per passenger. |
| | (ii) Other than three wheeler passenger vehicles with seating capacity upto 25 in all | 30/– per passenger. |
| | (iii) Passenger vehicles with seating capacity above 25 in all | 50/– per passenger. |
| [1][19. | 194 (a) In contravention of section 113 194 (b) In contravention of section 115 | 1000/– upto 2 tonne & 300/– per tonne & part thereof in addition to 300/–] |

1. Added by Noti. No. F. 7(47) Rules/Hq./Tr./94/I, dated 28.6.2005.

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 20. | 194(2) | 1500/– |
| 21. | 196 | 50/– Two Wheeler<br>100/– Non Transport Vehicle other than two wheeler.<br>500/– Transport vehicle. |
| 22. | 198 | 50/– |
| [1][23. | 190(2) | 100/– Two Wheeler engine capacity upto 50 c.c.<br>200/– Other two wheelers.<br>500/– Non Transport vehicle other than two wheeler.<br>300/– Auto Rickshaw/Auto Tonga passenger vehicle.<br>500/– Three wheeler Transport vehicle other than Auto Rickshaws/Auto Tonga passenger vehicle.<br>1000/– Transport vehicle other than Three Wheeler.] |

[2][Provided that the officers of the Police Department shall not exercise the powers to compound the offences committed under Section 113 and 114 punishable under Section 194 of the said Act.]

**[Notification No. F. 7/(148)/Pari/Rule/Hq/95, dated 29.2.1996.**– In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 8 of the Motor Vehicle Act, 1988 (59 of 1988), the State Government in supersession of previous Notification No.F.7(1) Rules/ Tr., 189, dated 19th June, 1989, hereby appoint, every M.B.B.S. doctor not below the rank of Medical officers of Hospitals and Health Centers of Government of Rajasthan or every M.B.B.S. doctor not below the rank of Assistant Professor of Medical College of Government of Rajasthan, to sign medical certificates prescribed under the Central Motor Vehicles Rules, 1989 in respect of the applicants for driving licences.

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-ord. Pt.-IV(C), dated 29.2.1996]*

**[Notification No. F.7(19) Pari/rules/Hq/97 dated 21.5.1999.**– In exercise of the powers conferred by sub-section (4) of section 116 of the Motor Vehicles Act, 1988 (Act No. 59 of 1988), the State Government hereby empowers all District Superintendent of Police (except Jaipur City) and for Jaipur City, Superintendent of Police (Traffic) Jaipur City to remove or cause to be removed any sign or advertisement which is so placed in his opinion as to obscure any traffic sign from view or any sign or advertisement which in his opinion is so similar in appearance to a traffic sign as to be misleading or which in his opinion is likely to distract the attention or concentration of the driver.

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-ord. Pt.-IV(C), dated 22.5.1999]*

1. Added by Noti. No. F. 7(47) Rules/HQ/Tr./87, dated 1.2.1995.
2. Added by Noti. No. F. 7(47) Rules/HQ/Tr./87, dated 28.12.1999.

**[Raj. Motor Vehicles Rules, 1990- Trailor driven by Tractor, exempted from Registration fee].**

**अधिसूचना सं. 7(4) परि./नियम/मु./पार्ट-II, एस.ओ. 7, दिनांक 12.4.2001.**— राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 4.6 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुये कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा ट्रेक्टर द्वारा खींचे जाने वाले ट्रेलर को जो अनन्य रूप से कृषि कार्य में उपयोग में लिया जाता है, पंजीयन शुल्क से छूट प्रदान करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II) dated 12.4.2001].*

---

**[Central Motor Vehicle Rules, 1989-Rules 108- High Dignitaries, permitted to use Red light on vehicles]**

**अधिसूचना सं. 13(11) परि./2000, दिनांक 14.5.2001.**— इस विभाग की अधिसूचना सं प. 13(14) परि/90, दिनांक 22.10.1994 जिसे अधिसूचना सं. प. 13(11) परि/2000, दिनांक 12/16.4.2001 में संशोधन किया गया है, के अतिक्रमण में राज्य सरकार केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 108 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नांकित उच्च पदस्थों को ले जाने वाले या उनका अनुरक्षण करने वाले यानों के सामने लाल बत्ती के उपयोग को अनुज्ञात करती है:—

1. राज्यपाल, राजस्थान, 2. मुख्यमंत्री, राजस्थान, 3. मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय, 4. अध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा, 5. लोकायुक्त, राजस्थान, 6. मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, राजस्थान, 7.मुख्य सचेतक, राजस्थान विधान सभा, 8. नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा, 9. न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय, 10. राज्यमंत्री/उपमंत्री, राजस्थान, 11. उपाध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा, 12. उप मुख्य सचेतक राजस्थान विधानसभा, 13. मुख्य सचिव, राजस्थान, 14. आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, 15. एडवोकेट जनरल, राजस्थान सरकार, 16. समस्त प्रमुख शासन सचिव, 17. पुलिस महानिदेशक, 18. सम्भागीय आयुक्त/पुलिस उप–महानिरीक्षक, रेंज, 19. समस्त जिला कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक, राजस्थान 20. समस्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश, 21. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, जोधपुर, 22. नगर निगम जयपुर, जोधपुर एवं कोटा के महापौर, 23. समस्त जिला प्रमुख, राजस्थान, [1][24. अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान।]

सरकार यह आदेश भी करती है कि चिकित्सा, नागरिक सुरक्षा और रेडक्रास के एम्बुलेंस यान के सामने बैंगनी रंग के कांच से ढकी हुई लालबत्ती का उपयोग करने के लिये प्राधिकृत है।

सरकार यह आदेश और करती है कि निम्नलिखित विभागों/पदाधिकारियों के यानों के सामने नीली बत्ती का उपयोग किया जा सकेगा:—

1. जिलों में पदस्थापित समस्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
2. जोधपुर शहर में पदस्थापित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (मोबाइल)
3. गश्ती ड्यूटी के लिये प्रयुक्त पुलिस [2][आबकारी], परिवहन विभाग के यान

यह भी आदिष्ट किया जाता है कि उपरोक्त के सिवाय कोई भी यान, यान के सामने लाल या नीली बत्ती का उपयोग नहीं करेगा।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-I (Kh), dated 30.5.2001]*

---

1. अधि.सं. प. 13(11) परि/2000, दिनांक 4.7.2002 (राज. राजपत्र विशेषांक भाग–4(ग)(II) दिनांक 29.7.2002 पर प्रकाशित) द्वारा जोड़ा गया।
2. अधि.सं. प. 7(60) परि/नियम/मु., दिनांक 1.10.2005 द्वारा अन्तःस्थापित किया गया।

**[Raj. Motor Vehicle Rules, 1990- Relexation and exemption from provisions of rules.]**

**Notification No. F. 7(66) Psti/Rules/Hq. dated 5.7.2002.**– In exercise of the powers conferred by rule 8.28 of the Rajasthan Motor Vehicles Rules, 1990 and in supersession of all previous notifications issued in this regard, the State Government hereby,–

(a) Relax the provisions of these rules in the case of–

(i) Pillion riders, and

(ii) Sikh drivers wearing turban;

(b) Exempt from the provisions of these rules, areas other than the municipal limits of all district Headquarters of the State.

*[Pub. In Raj. Gaz. Ex.Ord., Pt-1(Kh) dated 5.7.2002]*

---

**[Motor Vehicles International Circulation Rules, 1933-Regional Transport Officers, appointed as competent officer.]**

**अधिसूचना सं. 7(239) परि./नियम/मु. 2003, एस.ओ. 240, दिनांक 12.9.2003.**– दी मोटर व्हीकल्स इन्टरनेशनल सरकूलेशन रूल्स, 1933 के नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये और गृह विभाग की अधिसूचना सं. एफ. 13(3) होम–7/80, दिनांक 3.12.1980 द्वारा नियुक्त सक्षम अधिकारी के अलावा राज्य सरकार संबंधित प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों को भी उनके क्षेत्राधिकार के लिये एतद्द्वारा, सक्षम अधिकारी नियुक्त करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 12.9.2003].*

---

**[Raj. Motor Vehicles Rules, 1990-Vehicle which is used by handicapped person, exempted from Registration fee.]**

**अधिसूचना सं. 7(94) परि./नियम/मु./पार्ट-II/2001, एस.ओ. 253, दिनांक 25.9.2003**– राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 4.6 के उपनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुये कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा अशक्त यात्री गाड़ी को, जो अनन्य रूप से विकलांग व्यक्ति द्वारा उपयोग में ली जाती है, पंजीयन शुल्क से छूट प्रदान करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 25.9.2003].*

---

**[Raj. Motor Vehicles Rules, 1990- Principals of recognised Higher Secondary Schools/Collages, authorised to issue Learning Licence to their students for non-transport Vehicles on conditions.]**

**अधिसूचना सं. 7(51) परि./नियम/मु./95/पार्ट-II, एस.ओ. 324, दिनांक 20.1.2004.**– राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 2.1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुये कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा राज्य के मान्यता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्राचार्यों को परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन उनके विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को गैर परिवहन यान का लर्निंग लाइसेंस जारी करने हेतु अधिकृत करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 20.1.2004].*

---

**[Central Motor Vehicles Rules, 1989-R. 118(1)-Fixing of speed Governor A 018, compulsory in Jaipur and Jodhpur city.]**

**अधिसूचना सं.** 7(117) परि./नियम/मु./94/पार्ट-I, **एस.ओ. 364, दिनांक 13.2.200** राजस्थान मोटर यान नियम, 1989 के नियम 118 के उपनियम (1) **द्वारा** प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग क हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुये कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा जयपु जोधपुर शहर में अनन्य रूप से नगरीय सेवा में संचालित यात्री बसों के अनुज्ञापत्र धारियों द्वारा उ नगरीय सेवा में संचालित बसों में उक्त अधिसूचना जारी होने की दिनांक से 3 माह की अवधि में मा AIS : 018 के अनुरूप स्पीड गवर्नर लगवाना, अनिवार्य करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 13.2.2004].*

---

**[Motor Vehicles Act, 1988-Sec.200-Compound amount for compoundable offen reduced.]**

**अधिसूचना सं. 7(47) परि./नियम/मु./87/पार्ट-II, एस.ओ. 369, दिनांक 16.2.200** मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 200 के अन्तर्गत प्र शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त धारा के अन्तर्गत समय–समय पर अधिसूचनाओं द्वारा विभिन्न अपराधों के प्रशमन के लिये निर्धारित प्रशमन राशि को उन अपराधों के में जो दिनांक 31.12.2003 तक किये गये हों तथा जिनका दिनांक 29.02.2004 तक प्रशमन कराया घटाकर आधा करती है, परन्तु जिनका दिनांक 31.3.2004 तक प्रशमन कराया जावे, प्रशमन राशि घट तीन–चौथाई करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 20.2.2004].*

---

# भार यानों द्वारा वाहन के प्रमाण-पत्रों के स्थान पर वाहन में संयुक्त प्रमाण-पत्र रखने की ऐच्छिक योजना

**अधिसूचना सं. 7(4) परि./नियम/मु./संशोधन/II/92 एस.ओ. 395, दिनांक 28.2.200** राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 5.19 के उपनियम (4) के खण्ड (vi) के परन्तुक द्वारा प्र शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार संयुक्त प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया निम्नानु निर्धारित करती है, अर्थात्:–

**1. नाम और प्रारम्भ.**– (1) इस योजना का नाम भार यानों द्वारा वाहन के प्रमाण–पत्रों के स पर वाहन में संयुक्त प्रमाण–पत्र रखने की ऐच्छिक योजना][1] है।

(2) उक्त योजना राजस्थान के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

**2. परिभाषायें.**– इस योजना में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:–

(क) ***"अधिनियम"*** से तात्पर्य मोटर यान अधिनियम, 1988 (59 आफ 1988) से है।

(ख) ***"नियम"*** से तात्पर्य मोटर यान अधिनियम, 1988 के तहत बने नियम से है।

(ग) ***"प्ररूप"*** से तात्पर्य इस योजना में संलग्न प्ररूप से है।

(घ) ***"संयुक्त प्रमाण-पत्र"*** से तात्पर्य इस योजना के तहत निर्धारित प्रपत्र में यान के स्वामी जारी प्रमाण–पत्र से है।

(ङ) ***"कर की रसीद/टोकन"*** से तात्पर्य राजस्थान मोटर यान कराधान अधिनियम, 1951 इसके अधीन बनाये गये नियमों के तहत जारी कर की रसीद/टोकन से है।

---

1. राज. राजपत्र विशेषांक भाग 4(ग)(II) दिनांक 28.2.2004 पर प्रकाशित द्वारा।

**3. संयुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु शर्तें.**– इस योजना के अधीन निम्न शर्तों की पूर्ति करने वाला भार वाहन स्वामी उक्त प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकेगा:–

(i) वाहन नियमानुसार पंजीकृत हो।

(ii) वाहन का वैध फिटनेस प्रमाण–पत्र हो।

(iii) वाहन का वैध अनुज्ञापत्र का भाग "क" और "ख" हो तथा राष्ट्रीय अनुज्ञापत्रधारी वाहन का ऑथोराइजेशन प्रमाण–पत्र हो तथा यह अनुज्ञापत्र/ऑथोराइजेशन प्रमाण–पत्र राजस्थान राज्य के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(iv) वाहन स्वामी द्वारा राजस्थान मोटर वाहन कराधान नियम, 1951 के तहत वाहन पर देय कर के जमा होने के प्रमाण स्वरूप जमा कर की रसीद एवं टोकन प्राप्त कर लिया गया हो।

(v) संयुक्त प्रमाण–पत्र हेतु निर्धारित फीस जमा करवा दी गई हो।

**4. संयुक्त प्रमाण-पत्र जारी करने की फीस.**– प्रमाण–पत्र हेतु नीचे वर्णित सारणी में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार फीस देय होगी:–

| **क्र.सं.** | **भार वाहनों की श्रेणी** | **कलेण्डर वर्ष या उसके भाग के लिये फीस** (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | 7500 कि.ग्रा. तक के जी.वी.ड्ब्ल्यू. | 750.00 |
| 2. | 7500 कि.ग्रा. से ऊपर और 16200 कि.ग्रा. तक के जी.वी.डब्ल्यू. | 1,000.00 |
| 3 | 16,200 कि.ग्रा. से ऊपर और 25,000 कि.ग्रा. तक के जी.वी.डब्ल्यू. | 1,500.00 |
| 4. | 25,000 कि.ग्रा. से ऊपर और 35,200 कि.ग्रा. तक के जी.वी.डब्ल्यू. | 2,000.00 |
| 5. | 35,200 से ऊपर के जी.वी.डब्ल्यू. | 2,500.00 |

**5. संयुक्त प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया.**– (i) आवेदक संयुक्त प्रमाण–पत्र हेतु सादा कागज पर संबंधित कराधान अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(ii) आवेदन–पत्र के साथ निर्धारित फीस जमा की रसीद लगानी होगी।

(iii) आवेदन पत्र के साथ वाहन का मूल पंजीयन प्रमाण–पत्र, फिटनेस प्रमाण–पत्र, अनुज्ञापत्र का भाग–क और ख, बीमा प्रमाण–पत्र/कवर नोट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र कर जमा की रसीद/टोकन एवं इनकी छाया प्रति संलग्न करनी होगी। छाया प्रति का मूल प्रमाण–पत्रों से सत्यापन करने के उपरान्त आवेदक को मूल दस्तावेज लौटा दिये जायेंगे।

**6. संयुक्त प्रमाण-पत्र की कालावधि.**– संयुक्त प्रमाण–पत्र एक कलेण्डर वर्ष के लिये अथवा संयुक्त प्रमाण–पत्र में वर्णित फिटनेस प्रमाण–पत्र, अनुज्ञापत्र का भाग "क" और "ख" अथवा कर जमा की अवधि तक मान्य होगा, एक वर्ष की अवधि से पूर्व किसी दस्तावेज की वैधता के समाप्त होने पर यह प्रमाण–पत्र भी स्वतः समाप्त हो जायेगा, परन्तु वाहन स्वामी अपने समाप्त होने वाले दस्तावेज का समय पर नवीनीकरण करवाकर इसका इन्द्राज संयुक्त प्रमाण–पत्र में करवाता है तो उक्त संयुक्त प्रमाण–पत्र पूरे कलेण्डर वर्ष के लिये मान्य होगा तथा प्रमाण–पत्र की वैधता का इन्द्राज जारी संयुक्त प्रमाण–पत्र में करवाने के लिये अलग से फीस देय नहीं होगी।

**7. संयुक्त प्रमाण-पत्र का प्रारूप एवं प्रकार.**– संयुक्त प्रमाण–पत्र आवेदक को प्ररूप–1 में वाटर

मार्क स्टेशनरी पर होलोग्राम लगाकर कराधान अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। जारी प्रमाण–पत्र पर कराधान अधिकारी का नाम, मोहर एवं हस्ताक्षर होंगे तथा इसकी एक प्रति कार्यालय में रखी जावेगी। वाहन स्वामी वाहन में पंजीयन प्रमाण–पत्र, फिटनेस प्रमाण–पत्र, अनुज्ञापत्र एवं जमा कर की रसीद की एवज में उक्त प्रमाण–पत्र वाहन में रख सकेगा।

**8. संयुक्त प्रमाण-पत्र का निलंबन/निरस्तीकरण.**— कराधान अधिकारी अगर संतुष्ट है कि आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण–पत्र किसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर अथवा गलत तथ्यों के आधार पर प्राप्त किया गया है तो आवेदक को नोटिस देकर एवं सुनवाई का अवसर प्रदान कर उक्त प्रमाण–पत्र को निलंबित/निरस्त कर सकेगा।

**9. संयुक्त प्रमाण-पत्र का प्रस्तुत किया जाना.**— (1) किसी भार यान का चालक/स्वामी वर्दी पहने किसी पुलिस अधिकारी अथवा परिवहन विभाग के किसी अधिकारी द्वारा उन दस्तावेजों जिनका उल्लेख संयुक्त प्रमाण–पत्र में किया गया है के मांगे जाने पर इसकी एवज में उसके द्वारा प्राप्त संयुक्त प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर सकेगा जो मान्य होगा। संयुक्त प्रमाण–पत्र केवल पंजीयन प्रमाण–पत्र, फिटनेस प्रमाण–पत्र अनुज्ञापत्र के भाग "क" और "ख" एवं जमा कर की रसीद के प्रयोजनार्थ ही मान्य होगा।

**प्ररूप—1**

**राजस्थान सरकार**

**परिवहन विभाग**

**संयुक्त प्रमाण-पत्र**

क्रमांक.............................................

वाहन संख्या.............................................

परमिट वैधता.............................................

फिटनेस वैधता.............................................

कर जमा.............................................तक

जारी करने की दिनांक.............................

**नोट**— संयुक्त प्रमाण–पत्र की वैधता जारी करने की दिनांक से एक वर्ष होगी। एक वर्ष की अवधि पूर्व किसी दस्तावेज की वैधता के समाप्त होने पर यह प्रमाण–पत्र स्वतः ही समाप्त हो जावेगा।

---

**[Central Motor Vehicles rules, 1989- R. 118- Time limit, extended for 3 months upto 12.8.2004]**

**अधिसूचना सं. प. 7(117) परि/नियम/मु./94/पार्ट-I, एस.ओ. 25, दिनांक 19.5.2004**— केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 118 के उपनियम (1) के अन्तर्गत विभागीय समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 13.2.2004 जारी कर, जयपुर व जोधपुर शहर में अनन्य रूप से नगरीय सेवा में संचालित यात्री बसों के अनुज्ञापत्रधारी द्वारा उनकी नगरीय सेवा में संचालित बसों में उक्त अधिसूचना जारी होने की दिनांक से 3 माह की अवधि में मानक A.I.S. : 018 के अनुरूप स्पीड गवर्नर लगवाना अनिवार्य किया गया था।

चूंकि निर्धारित मानक के स्पीड गवर्नर वाहन स्वामियों को उपलब्ध नहीं हो पाये हैं अतः राज्य सरकार यह राय रखती है कि वाहन स्वामियों को स्पीड गवर्नर लगाने हेतु अतिरिक्त समय दिया जाना उचित होगा। अतः एतद्द्वारा जयपुर व जोधपुर में अनन्य रूप से संचालित नगरीय सेवा में संचालित

यात्री बसों के अनुज्ञापत्रधारियों द्वारा उनकी नगरीय सेवा में संचालित यात्री बसों में स्पीड गवर्नर लगाने हेतु अधिसूचना दिनांक 13.2.2004 द्वारा प्रदत्त समयावधि को 3 माह और बढ़ाया जाता है, अर्थात/ दिनांक 12.8.2004 तक इन अनुज्ञापत्रधारियों को निर्धारित मानक का स्पीड गवर्नर अपनी नगरीय सेवा के वाहनों में अनिवार्य रूप से लगाना होगा।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 19.5.2004]*

---

**[Raj. Motor Vehicle Rules, 1990-R.2.1-Licence holders of Motor Driving School, authorised to issue Learning Licence to their Trainees on conditions.]**

**अधिसूचना सं. प. 7(51) परि./नियम/मु./पार्ट-II, एस.ओ. 58, दिनांक 30.6.2004**– राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 2.1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुये कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा राज्य में मोटर ड्राईविंग स्कूल स्थापित करने हेतु अनुज्ञप्तिधारियों को परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन उनके मोटर ड्राईविंग स्कूल में चालन प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को लर्निंग लाइसेंस जारी करने हेतु अधिकृत करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 30.6.2004]*

---

**[Raj. Motor Vehicles Rules, 1990-R.2.1-Trade Certificate holder Motor Vehicle dealers, authorised to issue non-transport vehicle learning licence to their Motor Vehicle purchasers o conditions.]**

**अधिसूचना सं. प. 7(51) परि./नियम/मु./पार्ट-II, एस.ओ. 59, दिनांक 1.7.2004**– राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 2.1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, यह राय रखते हुये कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है, एतद्द्वारा राज्य के ट्रेड सर्टिफिकेटधारी मोटर वाहन डीलर्स को परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन उनकी फर्म से मोटर वाहन क्रय करने वाले क्रेताओं को गैर–परिवहन यान का लर्निंग लाइसेंस जारी करने हेतु अधिकृत करती है।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-IV(Ga)(II), dated 1.7.2004]*

---

**अधिसूचना सं. प. 7(71) परि./नियम/मु./97/पार्ट/107, दिनांक 1.7.2005.**– मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 67 की उपधारा (1) के खण्ड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तथा उपधारा के खण्ड (क) से (घ) तक की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुये तथा इस संबंध में पूर्व में जारी अधिसूचना दिनांक 20.11.2000 का अतिक्रमण करते हुये, राज्य सरकार राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरणों को एतद्द्वारा निम्नलिखित निर्देश जारी करती है, अर्थात्–

यतः राज्य सरकार को समाधान हो गया है कि इस प्रकार की परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनके कारण अनन्यतः नगरपालिका या नगर सुधार न्यास क्षेत्रों के भीतर चलाये जाने वाले मंजिली वाहनों, ऑटोरिक्शाओं व ऑटो तांगाओं के भाड़ों की दरों का पुनरीक्षण करना आवश्यक हो गया है,

अतः अब राज्य सरकार यह निर्देश देती है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं समस्त प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण, अनन्यतः नगरपालिका या नगर सुधार न्यास क्षेत्रों में चलाये जाने वाले मंजिली वाहन, ऑटोरिक्शा व ऑटोतांगा का अधिकतम भाड़ा तुरन्त प्रभाव से निम्न प्रकार तय करेगी:–

| वाहन की किस्म | रु.पै. | भाड़े की दरें | रोके रखने के लिये प्रभार | सामान के लिये प्रभार |
|---|---|---|---|---|
| 1. मंजिली गाड़ियां | 3.00 | 2 कि.मी. तक | | |
| | 4.00 | 2 कि.मी. से अधिक किन्तु 4 कि.मी. तक | | |
| | 5.00 | 4 कि.मी. से अधिक किन्तु 6 कि.मी. तक | | |
| | 6.00 | 6 कि.मी. से अधिक किन्तु 10 कि.मी. तक | | |
| | 7.00 | 10 कि.मी. से अधिक किन्तु 15 कि.मी. तक | | |
| | 8.00 | 15 कि.मी. से अधिक किन्तु 20 कि.मी. तक | | |
| | 10.00 | 20 कि.मी. से अधिक किन्तु 30 कि.मी. तक | | |
| | 12.00 | 30 कि.मी. से अधिक | | |
| 3. ऑटो रिक्शा | 9.00 | प्रथम एक कि.मी. तक के लिये न्यूनतम | रोके रखने की संपूर्ण अवधि के लिये 20 पैसे प्रतिमिनिट। | 1. 10 कि.ग्रा. तक के किसी भी पैकेज के लिये कोई प्रभार नहीं। 2. 10 कि.ग्रा. से अधिक के पैकेज के लिये 2/– रु. प्रति पैकेज। |
| | 5.00 | प्रत्येक प्रश्चात्वर्ती कि.मी. के लिये | | |
| 4. ऑटो तांगा | 11.00 | प्रथम एक कि.मी. तक के लिये न्यूनतम | रोके रखने की संपूर्ण अवधि के लिये 20 पैसे प्रतिमिनिट। | 1. 10 कि.ग्रा. तक के किसी भी पैकेज के लिये कोई प्रभार नहीं। 2. 10 कि.ग्रा. से अधिक के पैकेज के लिये 2/– रु. प्रति पैकेज। |
| | 6.00 | प्रत्येक प्रश्चात्वर्ती कि.मी. के लिये | | |

**नोट**— रात्रिकालीन प्रभार— ऑटोरिक्शा व ऑटोतांगा के लिये रात्रि 10.30 बजे से प्रातः 5.00 बजे तक उपर्युक्त दरों से देय भाड़े के अतिरिक्त उसका 25 प्रतिशत और देय होगा।

---

**अधिसूचना सं. एफ. 7(141) परि./नियम/मु./95, दिनांक 1.7.2005.**— मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 200 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त धारा के अन्तर्गत, समय–समय पर जारी अधिसूचनाओं द्वारा विभिन्न अपराधों के प्रशमन के लिये निर्धारित प्रशमन राशि को, उन अपराधों के संबंध में जो दिनांक 30.9.2004 तक किये गये हों तथा जिनका दिनांक 31.8.2005 तक प्रशमन कराया जावे, घटाकर आधा करती है, परन्तु यह कि इस प्रकार के वाहन के प्रत्येक पंचनामा/चालान में वर्णित अपराध/अपराधों के लिये सम्मिलित रूप से देय उक्त प्रशमन राशि दिनांक 31.3.2004 तक किये गये अपराध/अपराधों

के संबंध में 500/– रु. तथा 1.4.2004 से 30.09.2004 तक किये अपराध/अपराधों के संबंध में 1000/ रु. से अधिक नहीं होगी।

---

**अधिसूचना सं. प. 7(100)(71) परि./नियम/मु./2005/106, दिनांक 1.7.2005.**– मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 67 की उपधारा (1) के खण्ड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये और उक्त उपधारा के खण्ड (क) से (घ) तक की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुये तथा इस संबंध में पूर्व में जारी सभी अधिसूचनाओं का अतिक्रमण करते हुये, राज्य सरकार राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरणों को एतद्द्वारा निम्नलिखित निर्देश जारी करती है, अर्थात्–

यतः राज्य सरकार को समाधान हो गया है कि इस प्रकार की परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनके कारण मंजिली गाड़ियों के यात्री भाड़े की संरचना का पुनरीक्षण आवश्यक हो गया है,

अतः अब राज्य सरकार यह निर्देश देती है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं समस्त प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण, तुरन्त प्रभाव से अनन्य रूप से नगरपालिका या नगर सुधार न्यास क्षेत्र के भीतर चलायी जा रही मंजिली गाड़ियों से भिन्न मंजिली गाड़ियों के संबंध में अधिकतम यात्री भाड़ा निम्न अनुसार नियत करेगी:–

| | |
|---|---|
| (1) साधारण सेवा– | |
| (क) 60 कि.मी. तक की दूरी के लिये | 40 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (ख) 60 कि.मी. से अधिक की दूरी के लिये | 43 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (2) एक्सप्रेस/मेल सेवा | 45 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (3) सेमी डीलक्स सेवा | 50 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (4) डीलक्स सेवा | 69 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (5) वातानुकूलित सेवा | 120 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |

**स्पष्टीकरण संख्या 1**– यह दरें इस शर्त के अधीन रहते हुये अधिकतम होगी कि वयस्क यात्रियों से 5 कि.मी. की दूरी तक पर्भार्य न्यूनतम यात्री भाड़ा 2.00 रु. होगा और बालक यात्रियों के मामले में 1.00 रु. होगा।

**स्पष्टीकरण संख्या 2**– "एक्सप्रेस/मेल सेवा" से ऐसी सेवा अभिप्रेत है जो प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण या यथास्थिति, राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से अनुज्ञात ठहरने के स्थान तथा जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर ठहरने के सिवाय, कम से कम 40 कि.मी. तक चल चुकने के पूर्व किसी भी स्थान पर नहीं ठहरती। एक्सप्रेस/मेल बसों में गद्दीदार सीटें लगी होंगी।

**स्पष्टीकरण 3**–

(क) "सेमी डीलक्स सेवा" से कोई ऐसी एक्सप्रेस सेवा अभिप्रेत है जिसमें–

1. मुख्य स्तम्भ केन्द्र 736.6 मि.मी. से अधिक है,
2. सीट फ्रेम विश्रामक किस्म के अच्छे उच्च पृष्ठ वाले हो किन्तु सिर विश्रामक की व्यवस्था नहीं हो। सीट फ्रेम की ऊंचाई सीट ग्रेब रेल सहित 1040 मि.मी. मीटर हो,
3. सीट की पृष्ठ से पृष्ठ तक की दूरी 762 मि.मी. हो,
4. विकसित किस्म का रबड़ फोम पृष्ठ विश्रामक के काम में लिया गया हो,
5. सीट विस्तार प्रति यात्री 406.4 मि.मी. X 406.4 मि.मी. हो,

(ख) "डीलक्स सेवा" से कोई ऐसी एक्सप्रेस सेवा अभिप्रेत है जिसमें–

1. मुख्य स्तम्भ केन्द्र 1435.10 मि.मी. से कम नहीं है,

2. सीटें या तो स्थिर, पीछे की ओर झुकावदार हो या समायोजन किस्म की हो,
3. सीट की पृष्ठ से पृष्ठ तक की दूरी 914.44 मि.मी. हो,
4. 8 पंखें, 5 ट्यूब लाइट और न्यूनतम दो एयर वेन्टीलेटर लगे हों,
5. सीट फ्रेम की ऊंचाई 1040 मि.मी. हो,
6. बॉडी सर्वतः अवरोधक (इंसुलेटेड) हो, और
7. सीट विस्तार प्रति यात्री 456 मि.मी. X 456 मि.मी. हो।

**स्पष्टीकरण संख्या 4**— "यात्री भाड़ा 5 कि.मी. के प्रक्रमों (मंजिल) में संगणित किया जावेगा। इस प्रयोजन के लिये 0.5 कि.मी. से अधिक और 5 कि.मी. तक की दूरी को एक प्रक्रम (मंजिल) गिना जावेगा और 0.5 कि.मी. तक की दूरी को छोड़ दिया जायेगा।"

**स्पष्टीकरण संख्या 5**— संगणित यात्री भाड़े की राशि 1.00 रु. के गुणक में निर्धारित की जावेगी और 49 पैसे या कम की राशि छोड़ दी जायेगी तथा 49 पैसे से अधिक की कोई भी राशि 1.00 रु. तक पूर्णांकित की जावेगी।

उदाहरणार्थ—

| | | |
|---|---|---|
| 1.01 रु. से 1.49 रु. | = | 1.00 रु. |
| 1.50 रु. से 1.99 रु. | = | 2.00 रु. |

---

**अधिसूचना सं. एफ. 7(141) परि./नियम/मु./95, दिनांक 29.8.2005.**— मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 200 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त धारा के अन्तर्गत, समय—समय पर जारी अधिसूचनाओं द्वारा विभिन्न अपराधों के प्रशमन के लिये निर्धारित प्रशमन राशि को, उन अपराधों के संबंध में जो दिनांक 30.9.2004 तक किये गये हों तथा जिनका दिनांक 30.9.2005 तक प्रशमन कराया जावे, घटाकर आधा करती है, परन्तु यह कि इस प्रकार के वाहन के प्रत्येक पंचनामा/चालान में वर्णित अपराध/अपराधों के लिये सम्मिलित रूप से देय उक्त प्रशमन राशि दिनांक 31.3.2004 तक किये गये अपराध/अपराधों के संबंध में 500/— रु. तथा 1.4.2004 से 30.9.2004 तक किये अपराध/अपराधों के संबंध में 1000/— रु. से अधिक नहीं होगी।

---

**अधिसूचना सं. एफ. 7(4) परि./नियम/2002, दिनांक 16.9.2005.**— मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 207 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार, समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेटों, अपर जिला मजिस्ट्रेटों और जिला मजिस्ट्रेटों को उनकी अपनी—अपनी अधिकारिता के भीतर यात्री यानों को अभिगृहीत करने और निरूद्ध करने की शक्ति का प्रयोग करने के लिये इसके द्वारा प्राधिकृत करती है यदि उनका उपयोग परमिट के बिना या बैठक क्षमता से संबंधित परमिट की शर्त के उल्लंघन में किया जाता है।

---

**अधिसूचना सं. प. 10(281) परि./पी.डी./भाग-5, दिनांक 12.5.2005.**— मोटर यान अधिनियम, 1989 के नियम 115(7) के प्रावधानों को लागू करने के प्रयोजनार्थ वाहन जनित प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं प्रदूषण जांच केन्द्रों को प्राधिकृत करने एवं उनके कार्य संचालन की प्रक्रिया निर्धारित करने हेतु इस संबंध में जारी पूर्व के सभी आदेशों को अतिक्रमित करते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा निम्नलिखित स्कीम बनाती है—

# मोटर यान प्रदूषण जांच केन्द्र स्कीम–2005

1. **परिभाषायें.**– (1) इस स्कीम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो–

(क) ***"अधिनियम"*** से तात्पर्य मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) से है,

(ख) ***"नियम"*** से तात्पर्य केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 से है,

(ग) ***"प्ररूप"*** से तात्पर्य इस स्कीम के संलग्न प्ररूप से है,

(घ) ***"प्रदूषण जांच केन्द्र"*** से तात्पर्य इस स्कीम के अधीन जि.प.अ. द्वारा अधिकृत केन्द्र से है, जिसमें मोबाइल प्रदूषण जांच केन्द्र भी सम्मिलित है,

(ङ) ***"प्रमाण-पत्र"*** से तात्पर्य प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा मोटर यान स्वामी को नियम 115 के उपनियम (7) के अन्तर्गत जारी प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र से है,

(च) ***"प्राधिकार-पत्र"*** से तात्पर्य प्रदूषण जांच केन्द्र की मोटर यानों के प्रदूषण स्तर की जांच के संबंध में प्राधिकृत करने के लिये जारी किये गये प्राधिकार–पत्र से है,

(छ) ***"प्राधिकृत अधिकारी"*** से तात्पर्य जिले के जि.प.अ. से है, और जहां एक से अधिक जि.प.अ. नियुक्त हैं वहां प्रा.प.अ. द्वारा इस प्रयोजनार्थ मनोनीत जि.प.अ. से है।

2. **प्रदूषण जांच केन्द्र.**– (1) प्रदूषण जांच केन्द्रों के रूप में निम्नांकित श्रेणी की कोई भी एजेन्सी वर्णित शर्तों की पूर्ति के उपरांत अधिकृत होगी–

(क) पेट्रोल पम्प,

(ख) अधिकृत वाहन डीलर,

(ग) वाहन निर्माता कम्पनी का अधिकृत वर्कशॉप स्वामी,

(घ) प्रदूषण जांच उपकरण निर्माता कम्पनी, जो सड़क परिवहन एवं उच्च मार्ग मंत्रालय या उसके द्वारा अधिकृत संस्था से अनुमोदित हो, का अधिकृत एजेन्ट या डीलर,

(ङ) प्रदूषण निरीक्षण उपकरण फिटेड मोटर यान के स्वामी,

(च) मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्रीधारक बेरोजगार व्यक्ति।

(2) अधिकृत एजेन्सी द्वारा पूर्ण की जाने वाली शर्तें–

(अ) प्रदूषण जांच केन्द्र चलाने के लिये आवेदक या उसके कर्मचारी के पास न्यूनतम मैकेनिक (डीजल), मैकेनिकल (मोटर यान) का आई.टी.आई. का प्रमाण–पत्र या समतुल्य अर्हता होनी चाहिये परन्तु यदि आवेदक या उसके किसी कर्मचारी के पास ऑटो मोबाइल/मैकेनिकल इंजीनियरिंग में राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या डिग्री हो तो उसे प्राधिकार पत्र अभिप्राप्त करने में प्राथमिकता दी जावेगी।

(ब) आवेदक एजेन्सी को केन्द्रीय मोटर यान नियमों के अधीन अपेक्षाओं के अनुपालन में मोटर यान से उत्सर्जित होने वाली धुयें और गैस की जांच के लिये स्मोक मीटर (प्रिन्टर सहित) गैस एनालाईजर (प्रिन्टर सहित) और यानों की ट्यूनिंग के लिये आवश्यक उपकरण रखना होगा।

3. **अधिकार पत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी.**– (1) इस आदेश के अधीन प्रदूषण जांच केन्द्र अथवा प्रदूषण नियंत्रण उपकरण फिटेड मोटर यान के रूप में अधिकृत करने हेतु आवेदक द्वारा संबंधित जिले के जि.प.अ. के समक्ष प्ररूप–1 में आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। आवेदन–पत्र में पेट्रोल चलित अथवा

डीजल चलित या दोनों प्रकार के वाहनों की जांच के लिये चाहे गये केन्द्र का उल्लेख किया जावेगा। आवेदन–पत्र के साथ निम्नांकित दस्तावेज भी संलग्न किये जायेंगे–

(क) पेट्रोल पम्प की स्थिति में संबंधित पैट्रोलियम कम्पनी का अनुशंसा पत्र अथवा अधिकृत वाहन डीलर या अधिकृत वर्कशॉप की स्थिति में वाहन निर्माता कम्पनी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की प्रति अथवा, प्रदूषण जांच उपकरण की निर्माता कम्पनी के अधिकृत डीलर या एजेन्ट की स्थिति में ऐसी निर्माता कम्पनी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की प्रति, मोबाइल प्रदूषण जांच केन्द्र की स्थिति में आवेदक के नाम पंजीकृत एवं प्रदूषण जांच मशीन से सुसज्जित वाहन के पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति।

(ख) गैस एनेलाईजर (प्रिन्टर सहित) एवं स्मोक मीटर (प्रिन्टर सहित) जो केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 115 एवं 116 की अपेक्षाओं के अनुरूप हों, के क्रय के दस्तावेजों की प्रतियां,

अथवा

इस आशय की अण्डरटेंकिंग कि प्राधिकार–पत्र जारी होने के 15 दिन के भीतर वह उक्त उपकरण क्रय कर दस्तावेजों की प्रतियां राज्य सरकार को प्रस्तुत कर देगा।

(ग) मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्रीधारक बेरोजगार आवेदकों को डिप्लोमा/डिग्री की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

(2) आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर जि.प.अ. द्वारा प्राधिकार–पत्र प्ररूप–2 में जारी किया जायेगा।

(3) प्राधिकृत पत्र प्रदान करने की फीस 2,000/– रुपये प्रति केन्द्र अर्थात् डीजल चलित एवं पेट्रोल चलित वाहनों के लिये पृथक्–पृथक् प्रभारित की जायेगी। यदि एक ही आवेदक डीजल चलित एवं पेट्रोल चलित वाहनों की प्रदूषण जांच के लिये आवेदन करता है तो डीजल चलित व पेट्रोल चलित एवं वाहनों की जांच के लिये पृथक्–पृथक् प्राधिकार पत्र जारी किये जायेंगे। पेट्रोल, सी.एन.जी. व एल. पी.जी. चलित वाहनों के प्रदूषण मानदण्ड समान होने के कारण पेट्रोल चलित वाहनों की प्रदूषण जांच करने वाले केन्द्र सी.एन.जी. व एल.पी.जी. चलित वाहनों की प्रदूषण जांच भी कर सकेंगे।

(4) राज्य सरकार जिले में रजिस्ट्रीकृत मोटर यानों की संख्या को ध्यान में रखते हुये उस क्षेत्र में प्रदूषण जांच केन्द्रों की अधिकतम संख्या निर्धारित कर सकेगी।

**4. प्राधिकार पत्र की समयावधि एवं नवीनीकरण.**– (1) प्रदूषण जांच केन्द्र के लिये जारी किया गया प्राधिकार पत्र दो वर्ष के लिये विधिमान्य होगा और उसे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दो वर्ष की समयावधि के लिये नवीनीकृत किया जा सकेगा।

(2) प्राधिकार पत्र के नवीनीकरण हेतु 2,000/– रुपये फीस ली जावेगी। नवीनीकरण आवेदन निर्धारित फीस के साथ विधिमान्यता की समयावधि के समाप्त होने के पूर्व 30 दिन की समयावधि के भीतर प्रस्तुत किया जायेगा। विधिमान्यता की समयावधि के समाप्त होने के पश्चात् प्राधिकार पत्र स्वतः समाप्त माना जावेगा। बिना नवीनीकरण कराये गये यदि कोई प्रमाण–पत्र जारी किया जाता है तो वह अवैधानिक माना जावेगा तथा केन्द्र के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता तथा अन्य नियमों के अन्तर्गत पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकेगी। जांच केन्द्र को ब्लेक लिस्ट किया जावेगा जिसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई जावेगी।

(3) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किसी जांच केन्द्र को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् लिखित में दिये गये कारण से जांच केन्द्र के प्राधिकार पत्र के नवीनीकरण से इन्कार किया जा सकता है।

(4) प्राधिकृत/प्रदूषण जांच केन्द्र का स्वामी अपना प्राधिकार पत्र किसी भी समय जि.प.अ. को समर्पित कर सकेगा और ऐसे समर्पण की दिनांक से वह प्राधिकार पत्र निरस्त माना जायेगा परन्तु केन्द्र

द्वारा जमा करायी गयी कोई राशि वापिस नहीं की जायेगी और जारी किये जाने वाले प्रदूषण प्रमाण–पत्र मय स्टीकर (अनुपयोगी) राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन को वापस लौटाकर विभाग को सूचित करेंगे।

[1][(5) **प्राधिकार-पत्र की डुप्लीकेट प्रति जारी करना**–प्रदूषण जांच केन्द्र को पूर्व में जारी प्राधिकार–पत्र कट–फट जाने, नष्ट हो जाने या खो जाने पर जांच केन्द्र के स्वामी द्वारा रु 10/– के स्टांप पेपर पर शपथपत्र प्रस्तुत करने एवं रु. 2,000/– फीस जमा कराने पर डुप्लीकेट–पत्र जारी किया जायेगा।]

**5. प्राधिकार पत्र का निलंबन/रद्दकरण एवं शास्ति.**– (1) यदि जि.प.अ. या प्राधिकृत अधिकारी को यह समाधान हो जाता है कि इस स्कीम के अधीन प्राधिकृत कोई प्रदूषण जांच केन्द्र, अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों तथा प्राधिकार पत्र की शर्तों की अनुपालना नहीं करता है तो प्राधिकृत अधिकारी ऐसी जांच, जैसा कि वह उचित समझे, करने के पश्चात् और प्राधिकार पत्र धारक को सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात्, आदेश द्वारा प्राधिकार पत्र को रद्द/निलम्बित कर सकेंगे अथवा निम्नलिखित अनियमितताओं के लिये सारणी में वर्णित शास्ति आरोपित कर सकेंगे अथवा प्राधिकार पत्र निरस्त करने के साथ–साथ शास्ति भी आरोपित कर सकेंगे–

**सारणी**

| क्र.सं. | अनियमितताओं का ब्यौरा | न्यूनतम शास्ति (रुपयों में) प्रथम अवसर पर | अधिकतम शास्ति (रुपयों में) पश्चात्वर्ती अनियमितता पर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | जांच केन्द्र के प्राधिकृत किये जाने का प्रमाण–पत्र सहज दृश्य स्थान पर नहीं लगाना | 100/– | 200/– |
| 2. | वाहन जनित प्रदूषण के निर्धारित मानकों को बड़े अक्षरों में सहज दृश्य स्थान पर नहीं लगाना। | 100/– | 200/– |
| 3. | जांच केंद्र के कार्यकारी समय व साप्ताहिक अवकाश के दिवस की सूचना सहज दृश्य स्थान पर नहीं लगाना। (प्रतिदिन कार्य का न्यूनतम समय आवश्यक रूप से 10 बजे से प्रातः 5 बजे सायं तक रखा जायेगा।) | 100/– | 200/– |
| 4. | प्राधिकार पत्र में दिये गये कार्यस्थल में जिला परिवहन अधिकारी की अनुमति के बिना परिवर्तन करना। | 500/– | 1000/– |
| 5. | वाहनों की जांच का रिकॉर्ड निर्धारित प्रपत्र में नहीं रखना। | 500/– | 1000/– |
| 6. | जांच हेतु आने वाले अधिकारियों को वांछित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं करवाना। | 500/– | 1000/– |
| 7. | शर्तों के अनुसार प्राधिकार पत्र का नवीनीकरण किये बिना ही जांच केन्द्र जारी रखना। | 1000/– | 2000/– |

1. अधि.सं.एफ. 10(281) परि/पीडी/2006/II, दिनांक 28.11.2006 द्वारा जोड़ा गया।

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 8. | वाहन जो प्रदूषण जांच केन्द्र पर आता है, उसके चालक के चाहने पर प्रदूषण की जांच से इन्कार करना या जांच में सही पाये जाने पर भी प्रमाण–पत्र जारी करने से इन्कार करना। | 100/– | 200/– |
| 9. | जांच केन्द्र पर सहज दृश्य स्थान पर बड़े अक्षरों में यह प्रदर्शित नहीं करना कि प्रदूषण जांच से असंतुष्ट होने अथवा इससे संबंधित किसी भी शिकायत को अंकित करने के लिये जांच केन्द्र पर सुझाव एवं शिकायत–पंजिका उपलब्ध है अथवा सुझाव एवं शिकायत–पुस्तिका सहजदृश्य एवं समुचित स्थान पर उपलब्ध नहीं कराना अथवा उक्त पुस्तिका के पृष्ठ क्रम संख्यांकित नहीं रखना। | 250/– | 500/– |
| 10. | वाहन का बिना निरीक्षण किये या प्रदूषण स्तर निर्धारित मापदण्ड से अधिक होने पर भी प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र जारी करना। | 500/– | 1000/– |
| 11. | प्रदूषण जांच केन्द्र पर वाहनों की प्रदूषण जांच हेतु अधिकृत व्यक्ति से भिन्न व्यक्ति से जांच कार्य कराना। | 500/– | 1000/– |
| 12. | विभागीय निर्देशों के अनुसार निर्धारित सूचना निर्धारित समय पर प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत नहीं करना। | 250/– | 500/– |
| 13. | प्रदूषण जांच के लिये वाहनों के स्वामियों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल करना। | 1000/– | 2000/– |
| 14. | आर.पी.डी.ए. द्वारा आवंटित स्टेशनरी से भिन्न प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र अथवा स्टीकर वाहन स्वामी को जारी करना। | 1000/– | 2000/– |
| 15. | वाहनों की जांच के बाद प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र के साथ वाहन स्वामी को प्रिन्टर की रसीद भी देनी होगी। इस शर्त की पालना नहीं करना। | 250/– | 500/– |
| 16. | प्रदूषण जांच यंत्र का समुचित रख–रखाव नहीं करना एवं खराब प्रदूषण जांच यंत्र से जांच कार्य करना। | 1000/– | 2000/– |

(2) उपरोक्त सारणी में वर्णितशास्ति प्रत्येक अनियमितता के लिये पृथक्–पृथक् होगी लेकिन एक निरीक्षण के समय पायी गयी सभी प्रकार की अनियमितताओं के लिये शास्ति की कुल राशि 10,000/– रुपये से अधिक नहीं होगी।

(3) अनियमितताओं की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जांच केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध संबंधित नियमों के तहत् अपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया जा सकेगा।

(4) यदि विभाग के किसी निरीक्षणकर्त्ता अधिकारी द्वारा अचानक निरीक्षण के समय किसी वाहन

की जांच हेतु प्रदूषण जांच केन्द्र को कोई शुल्क अदा किया जाता है तो यह शुल्क प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा ऐसे निरीक्षणकर्त्ता अधिकारी को लौटाया जायेगा जिसके विषय में कार्यवाही विवरण भी अभिलिखित किया जायेगा।

(5) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की गई किसी भी कार्यवाही अथवा निर्णय से यदि प्रदूषण जांच केन्द्र सहमत नहीं है तो 30 दिन की अवधि के भीतर वह उस क्षेत्रके प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को अपील कर सकेगा। यदि प्रादेशिक परिवहन अधिकारी द्वारा अपील में पारित किये गये निर्णय से भी जांच केन्द्र संतुष्ट नहीं है तो प्रादेशिक अधिकारी के निर्णय के 30 दिन के भीतर वह परिवहन आयुक्त को अपील कर सकता है, विशेष परिस्थितियों में अपील दायर करने से हुये विलम्ब के लिये अपीलीय अधिकारी विलम्ब को क्षमा (माफ) कर सकेंगे। जिसका निर्णय अंतिम होगा।

**6. अपील प्राधिकारी.**— मोटर वाहन प्रदूषण जांच केन्द्र स्कीम 2005 की धारा 4(3) एवं 5 के अन्तर्गत नवीनीकरण से इंकार करने, निलम्बन करने, रद्दकरण की स्थिति में संबंधित अपील सुनने वाला प्राधिकृत अधिकारी होगा। द्वितीय अपील अथवा रिवीजन परिवहन आयुक्त द्वारा सुनी जावेगी। परिवहन आयुक्त का निर्णय अन्तिम होगा।

**7. प्रदूषण जांच प्रमाण-पत्र.**— (1) प्राधिकृत प्रदूषण जांच केन्द्र पेट्रोल चलित तथा डीजल चलित वाहनों के लिये प्रदूषण जांच प्रमाण–पत्र जारी करेगा जो 6 मास के लिये विधिमान्य होगा।

(2) प्रमाण–पत्र एवं स्टीकर जारी करने के लिये प्राधिकृत प्रदूषण जांच केन्द्र का स्वामी यान के स्वामी से निम्नलिखित दरों पर फीस प्रभारित करेगा—

| | | |
|---|---|---|
| (क) | पेट्रोल चलित दो पहिया वाहनों के लिये प्रति वाहन | 20/– रु. |
| (ख) | पेट्रोल चलित तीन पहिया वाहनों के लिये प्रति वाहन | 30/– रु. |
| (ग) | पेट्रोल चलित चार पहिया वाहनों के लिये प्रति वाहन | 25/– रु. |
| (घ) | डीजल चलित दो पहिया वाहनों के लिये प्रति वाहन | 50/– रु. |
| (ङ) | एल.पी.जी./सी.एन.जी. वाहनों के लिये प्रति वाहन | 20/– रु. |

(3) प्रदूषण जांच प्रमाण–पत्र के साथ स्टीकर भी जारी किया जायेगा। जिसको चार पहिया/तिपहिया यान के विन्डस्क्रीन पर चिपकाने के लिये प्रदाय किया जायेगा। दुपहिया वाहन में स्टीकर वाहन की बॉडी के सामने के भाग पर चिपकाया जायेगा।

**8. प्रदूषण जांच केन्द्र का निरीक्षण.**— (1) प्रत्येक प्रदूषण जांच केन्द्र का वर्ष में कम से कम दो बार आवश्यक रूप से निरीक्षण किया जावेगा। निरीक्षण कार्य परिवहन विभाग के किसी भी अधिकारी, जो परिवहन उप–निरीक्षक से निम्न स्तर का न हो द्वारा किया जा सकेगा और ऐसे प्रत्येक निरीक्षण की निरीक्षण रिपोर्ट संबंधित जिला/प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को भेजेगा।

(2) निरीक्षण अधिकारी, निरीक्षण के दौरान यह निरीक्षण करेगा कि अधिनियम, उसके अधीन बनाये गये नियमों और प्राधिकार पत्र की शर्तों का अनुपालन, प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा किया जा रहा है या नहीं।

**9. रजिस्टर का संधारण.**— (1) संबंधित जिले के जि.प.अ. द्वारा प्राधिकृत किये गये प्रदूषण जांच केन्द्रों के ब्यौरे, प्ररूप–3 में रजिस्टर में संधारित किये जायेंगे।

(2) प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् 7 दिवस के भीतर वाहनों के प्रदूषण जांच कार्य का विवरण प्ररूप–4 में जि.प.अ. कार्यालय को भेजा जावेगा।

**10. निर्देशों का अनुपालन.**— राज्य सरकार अथवा परिवहन आयुक्त इस स्कीम के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से प्राधिकृत प्रदूषण जांच केन्द्रों को समय–समय पर आवश्यक निर्देश दे सकेंगे

और ऐसे प्रसारित निर्देशों का पालन प्रदूषण जांच केन्द्र के लिये बाध्यकारी होगा।

**11. अपील का तरीका.**— अपील एक ज्ञापन के रूप में दो प्रतियों में होगी, जिसमें जि.प.अ. के आदेश के विरूद्ध एतराज के आधार दिये जायेंगे और उसके साथ जिस आदेश की अपील की गई है, उसकी मूल प्रति या प्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी एवं राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 2.29 में बताई गई समुचित फीस देनी होगी।

**12. जांच केन्द्रों द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली स्टेशनरी.**— (1) विभाग द्वारा निर्धारित प्ररूप में प्रमाण–पत्र, रजिस्टर आदि स्टेशनरी राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा मुद्रित कराई जावेगी जो अधिकृत किये गये जांच केन्द्र को उसके द्वारा गैस एनेलाईजर/स्मोक मीटर के क्रय किये जाने की रसीद प्रस्तुत करने पर ही राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा आवंटित की जायेगी।

(2) जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र जारी करने, रसीद जारी करने आदि के लिये केवल राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा आवंटित स्टेशनरी ही प्रयुक्त की जावेगी।

(3) स्टीकर एवं प्रमाण–पत्र के प्रारूप क्रम संख्यांकित होंगे।

(4) जांचे गये वाहनों के विवरण को अंकित करने के लिये प्ररूप–3 में रजिस्टर राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा प्रमाणित किया जाकर जांच केन्द्र को आवंटित किया जावेगा।

(5) जांच केन्द्र द्वारा स्टेशनरी की मांग राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन को 15 दिन पूर्व सूचित करनी होगी।

(6) जांच केन्द्र को जारी की जाने वाली स्टेशनरी का लेखा–जोखा प्रमाण–पत्रों एवं स्टीकरों के क्रम संख्यांक सहित राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को नियमित रूप से प्रेषित किया जावेगा। प्राधिकृत अधिकारी प्रत्येक जांच केन्द्र को आवंटित ऐसी स्टेशनरी का लेखा–जोखा राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर अपने कार्यालय में संधारित करेगा।

(7) राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा प्रदूषण जांच केन्द्रों को जारी की गई स्टेशनरी की सूचना आयुक्त परिवहन विभाग को त्रैमासिक संलग्न प्ररूप–7 में प्रेषित की जावेगी।

**13. वाहनों की जांच की मासिक प्रगति रिपोर्ट.**— (1) प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् 7 दिवस के भीतर वाहनों के प्रदूषण जांच कार्य का विवरण प्ररूप–4 में प्राधिकृत अधिकारी को प्रेषित किया जावेगा।

(2) प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा प्ररूप–3 में एक रजिस्टर में जांच किये गये वाहनों का विवरण अंकित किया जावेगा।

(3) प्राधिकृत अधिकारी प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 10 दिन के भीतर प्ररूप–4 में संकलित सूचना प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को भेजेगा और प्रादेशिक परिवहन अधिकारी अपने अधीनस्थ प्राधिकृत अधिकारियों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रत्येक त्रैमास की समाप्ति पर 15 तारीख तक संकलित सूचना जिलेवार परिवहन आयुक्त को प्रेषित करेगा।

**14. प्रदूषण जांच कार्य के लिये अधिकृत व्यक्ति.**— (1) गैस एनेलाइजर या स्मोक मीटर से जांच का कार्य प्रदूषण जांच केन्द्र पर कार्यरत केवल ऐसे व्यक्ति द्वारा ही किया जावेगा जो इस कार्य के लिये समुचित प्रशिक्षण प्राप्त है तथा बिन्दु संख्या 2(ii) में निर्धारित योग्यता रखता है।

(2) जांच केन्द्र द्वारा जारी किये जाने वाले प्रत्येक प्रमाण–पत्र व स्टीकर पर उस अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर होंगे जिसके नमूने के हस्ताक्षर प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय को प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा

पूर्व में ही उपलब्ध कराये जा चुके हैं।

(3) प्राधिकार पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के भीतर और जांच कार्य करने से पूर्व जांच केन्द्र द्वारा अधिकतम 3 व्यक्तियों के नाम एवं उनके नमूने के हस्ताक्षर प्ररूप–5 में 3 प्रतियों में प्राधिकृत अधिकारी को प्रेषित किये जायेंगे।

(4) जांच केन्द्र द्वारा अधिकृत व्यक्तियों की सूची में कोई परिवर्तन किये जाने की स्थिति में शामिल किये गये व्यक्ति के नमूने के हस्ताक्षर और नाम तथा हटाये गये व्यक्ति के नाम की सूचना प्राधिकृत अधिकारी को तुरन्त दी जावेगी। प्राधिकृत अधिकारी को सूचित किये बिना किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रमाण–पत्र जारी किये जाने पर वह वैध नहीं माना जावेगा। जांच केन्द्र को अधिकृत व्यक्तियों की सूची एवं उनके नमूने के हस्ताक्षर प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत किये जाने का प्रमाण अपने पास उपलब्ध रखना होगा।

(5) जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र व स्टीकर की सभी प्रविष्टियां सुपाठ्य हस्तलेख में लिखी जावेगी, प्रमाण–पत्र में सभी अपेक्षित विशिष्टियों को पूर्ण किया जावेगा और कोई अधूरा प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जावेगा।

(6) जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र के विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में कोई प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जावेगा।

**15. वाहनों के प्रदूषण जांच की प्रक्रिया.–** (1) प्रदूषण जांच करने हेतु स्वामी द्वारा प्रदूषणा जांच केन्द्र अथवा प्रदूषण नियंत्रण उपकरण फिटेड मोटर यान पर वाहन प्रस्तुत करना होगा। जांच केन्द्र द्वारा गैस एनेलाइजर या यथास्थिति, स्मोक मीटर से वाहन के प्रदूषण स्तर की जांच की जायेगी और प्रदूषण स्तर के माप का गैसएनेलाइजर/स्मोक मीटर पर लगे हुये प्रिन्टर से प्रिंट लिया जायेगा। यदि माप अधिकतम उत्सर्जन प्रदूषण सीमा तक हो तो निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण–पत्र जो क्रम संख्यांकित होगा, जारी किया जायेगा जिसके साथ प्रदूषण स्तर की माप का प्रिंट भी संलग्न किया जायेगा। प्रमाण–पत्र पर जांच केन्द्र की कोड संख्या अंकित की जायेगी। प्रमाण–पत्र की प्रथम प्रति वाहन स्वामी को दी जाकर कार्यालय प्रति जांच केन्द्र पर रखी जायेगी।

(2) जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र जारी किये जाने पर जांच किये गये वाहन पर क्रम संख्यांकित किया हुआ स्टीकर भी लगाया जायेगा। स्टीकर पर जांच केन्द्र का कोड नम्बर अंकित होगा एवं जिस माह तक इसकी वैधता है, उस माह को पंच किया जाकर जारी किया जायेगा।

(3) प्रमाण–पत्र और स्टीकर जारी करने से पूर्व जांच केन्द्र द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि वाहन का प्रदूषण स्तर नियम 115 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्धारित मापकों के अनुरूप है।

(4) यदि वाहन में उत्सर्जित प्रदूषण अधिकतम सीमा से अधिक है तो प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा वाहन के रजिस्टर में फ्यूल मिक्सचर का एडजेस्टमेंट किया जायेगा जिसके लिये पृथक् से कोई फीस नहीं ली जायेगी। यदि इसके उपरांत भी प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानक सीमा से अधिक आता हो तो ऐसे वाहन की जांच की फीस निर्धारित फीस की आधी होगी लेकिन वाहन स्वामी को स्टीकर और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

(5) जांच केन्द्र के परिसर में मोटर वाहनों के अन्दर आने और बाहर जाने हेतु समुचित व्यवस्था इस प्रकार की जायेगी कि परिसर के आस–पास सार्वजनिक मार्ग पर यातायात अवरूद्ध न हो तथा परिसर के अन्दर वाहनों के प्रदूषण संबंधी जांच क्रमानुसार सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके। प्रदूषण संबंधी जांच सार्वजनिक मार्ग पर नहीं होकर जांच केन्द्र के परिसर में ही की जायेगी।

(6) यदि प्राधिकार–पत्र निरस्त अथवा निलम्बित कर दिया जाता है तो वाहनों को प्रमाण–पत्र एवं

स्टीकर जारी करने का कार्य जांच केन्द्र द्वारा तत्काल बंद कर दिया जायेगा।

**16. प्रमाण-पत्र धारी वाहनों की पुनः जांच.**– (1) प्रथम दृष्ट्या अधिक धुआं छोड़कर चलते पाये जाने वाले प्रमाण–पत्र धारी किसी वाहन की प्रदूषण संबंधी पुनः जांच पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के सक्षम अधिकारियों के निर्देश पर मौके पर की जा सकेगी। ऐसी पुनः जांच में वाहन का प्रदूषण स्तर यदि निर्धारित मानकों से अधिक पाया जाता है तो निरीक्षणकर्त्ता अधिकारी उक्त वाहन का प्रमाण–पत्र निरस्त कर देगा जिसके लिये प्रमाण–पत्र पर ही इस आशय की तिथि सहित अंकन करेगा और प्रमाण–पत्र के पीछे की ओर वाहन स्वामी को निर्देश भी अंकित करेगा कि वह 7 दिवस में वाहन का प्रदूषण स्तर सही कराकर पुनः वैध प्रमाण–पत्र प्राप्त करें तथा प्रमाण–पत्र संबंधित जिला परिवहन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

(2) प्रमाण–पत्रधारी वाहन यदि उप–पैरा (1) के अन्तर्गत मौके पर जांच के समय प्रदूषण स्तर के निर्धारित मानकों के अनुकूल नहीं पाया जाता है तो ऐसे वाहन चालक से पैरा 8 में निर्धारित फीस की आधी फीस ही संबंधित जांच केन्द्र द्वारा वसूल की जायेगी परन्तु निर्धारित मानकों के अन्तर्गत पाये गये वाहन के चालक से कोई फीस वसूल नहीं की जायेगी।

**17. प्रदूषण जांच उपकरणों का समुचित रख-रखाव.**– (1) जांच केन्द्र द्वारा प्रदूषण जांच संबंधी उपकरण सही स्थिति में रखे जायेंगे। यदि किसी समय गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर आदि उपकरण नियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप न हो तो वाहनों के प्रदूषण जांच का कार्य निलंबित कर दिया जायेगा एवं वाहनों को प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

(2) प्रदूषण जांच उपकरण सही रूप रूप से कार्यरत रहे, यह सुनिश्तिच करने के लिये प्रदूषण जांच केन्द्र को गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर (प्रिन्टर सहित) के समुचित रख–रखाव हेतु विधिवत अनुबंध करना होगा।

**18. प्राधिकार-पत्र को स्वीकृत या नवीनीकृत करने की फीस तथा शास्ति की राशि को राजकोष में जमा कराना.**– प्रदूषण जांच केन्द को स्वीकृत करने के लिये पैरा 3 के उप–पैरा (1) के अतर्गत जमा करायी गयी फीस अथवा नवीनीकरण के लिये पैरा 4 के उप–पैरा (2) व (3) के अन्तर्गत जमा करायी गयी फीस अथवा पैरा 15 के अन्तर्गत वसूल की गयी शास्ति की राशि को राजकोष (मद 0041–वाहन कर) में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जमा कराया जावेगा।

**19. शिकायत व्यवस्था.**– (1) प्रदूषण जांच व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक जांच केन्द्र पर पता लिखे डाक टिकिट सहित पोस्टकार्ड राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा उपलब्ध कराये जावेंगे। वाहन की प्रदूषण जांच के लिये आने वाले किसी भी वाहन स्वामी द्वारा मांगे जाने पर उसको शिकायती पोस्टकार्ड निःशुल्क उपलब्ध कराया जावेगा। पोस्टकार्ड संबंधित प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को संबोधित होंगे। इसकी जानकारी भी जांच केन्द पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जायेगी। प्रादेशिक परिवहन कार्यालय में प्राप्त होने वाले पोस्टकार्डों को अलग से रजिस्टर में अंकित कर प्रदूषण नियंत्रण उड़नदस्ते से शिकायत की जांच एक सप्ताह में कराई जावेगी। शिकायत सही पाई जाने पर जांच केन्द्र के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। प्रत्येक शिकायत की जांच का परिणाम शिकायतकर्त्ता को भिजवाया जावेगा।

(2) **प्रदूषण जांच केन्द्र**– प्रदूषण जांच केन्द्र वाहन स्वामियों की शिकायतों एवं उनके सुझाव प्राप्त करने हेतु एक शिकायत/सुझाव पंजिका रखेगा जो वाहन स्वामी को चाहे जाने पर उपलब्ध कराई जायेगी। जांच केन्द्र द्वारा सहजदृश्य स्थान पर आम सूचना के लिये यह भी प्रदर्शित किया जावेगा कि जांच केन्द्र पर शिकायत/सुझाव पुस्तिका उपलब्ध है और कोई वाहन स्वामी के प्रदूषण स्तर की जांच

के संबंध में असंतुष्ट है तो वह अपने सुझाव या शिकायत उक्त पुस्तिका में अंकित कर सकता है। उप–पैरा (1) में शिकायत के लिये पोस्टकार्डों बाबत की गई व्यवस्था की भी सूचना प्रदर्शित की जावेगी।

**20. निर्देशों का पालन.–** राज्य सरकार अथवा परिवहन आयुक्त इस आदेश के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से प्राधिकृत प्रदूषण जांच केन्द्रों को समय–समय पर आवश्यक निर्देश दे सकेंगे और ऐसे प्रसारित निर्देशों का पालन प्रदूषण जांच केन्द्र के लिये बंधनकारी होगा।

**21. अनुदेश तथा निर्देश जारी करने की परिवहन आयुक्त की शक्ति.–** (1) इस आदेश के उपबंधों में से किसी का स्पष्टीकरण करने के लिये,

(2) किसी ऐसी कठिनाई को दूर करने के लिये जो किन्हीं ऐसे उपबंधों के कार्यान्वयन के संबंध में उत्पन्न हो, तथा

(3) प्रदूषण जांच केन्द्र के रूप में प्राधिकृत करने के संबंध में जिसके लिये इस आदेश में कोई उपबंध नहीं है या अपर्याप्त है, तथा जिसके लिये उपबंध करना आवश्यक समझा जावे, अनुदेश तथा निर्देश जारी कर सकेंगे।

## प्ररूप–1

[देखिये पैरा 3(1)]

**प्रदूषण जांच केन्द्र के लिये आवेदन का प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक एजेन्सी का नाम | .................................... |
| 2. | आवेदक एजेन्सी के स्वामी का नाम (पिता/पति का नाम) | .................................... |
| 3. | पूर्ण डाक पता | .................................... |
| 4. | जांच केन्द्र हेतु क्या पेट्रोलियम कम्पनी ने अनुशंषा की है, अथवा अधिकृत वाहन डीलर अथवा अधिकृत वर्कशॉप के स्वामी है अथवा वाहन प्रदूषण जांच उपकरण निर्माता कम्पनी के अधिकृत डीलर/एजेन्ट/मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्रीधारक बेरोजगार व्यक्ति है ? (यदि हां तो, प्रमाण संलग्न करें) | .................................... |
| 5. | आवेदक के पास उपलब्ध मेक और पूर्ण विशिष्टताओं सहित गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर (प्रिंटर सहित) का विवरण:– | 1. ..............................<br>2. .............................. |
| 6. | वाहनों की सर्विस और ट्यूनिंग के लिये उपलब्ध मशीनरी और उपकरण | 1. ..............................<br>2. .............................. |
| 7. | वाहनों का वर्ग जिनकी जांच बाबत प्राधिकारी पत्र प्राप्त करने का आवेदन किया जा रहा है (डीजल चलित अथवा पेट्रोल चलित अथवा दोनों प्रकार):– | ....................................<br>.................................... |
| 8. | आवेदक के अधीन कार्यरत स्टाफ एवं उसकी योग्यता (प्रमाण–पत्र संलग्न करें):– | |
| | (क) मैनेजर | .................................... |
| | (ख) फोरमैन/इंजीनियर | .................................... |
| | (ग) मैकेनिक | .................................... |
| | (घ) हैल्पर | .................................... |

(ङ) अन्य प्रशासनिक स्टाफ ..............................

9. क्या आवेदक के मोटर वर्कशॉप मोटर सेवा केन्द्र में निम्न सुविधायें समुचित रूप से है:–

(क) पानी की व्यवस्था ..............................

(ख) विद्युत व्यवस्था ..............................

(ग) प्रसाधन व्यवस्था ..............................

10. क्या 10 से 15 वाहन खड़े करने के लिये उपयुक्त स्थान उपलब्ध है। (रेखा चित्र में भी दर्शायें) ..............................

11. क्या गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर को चलाने वाला स्टाफ प्रशिक्षित है (विवरण देवें)। ..............................

आवेदक के हस्ताक्षर एवं
आवेदक का नाम

## प्ररूप–2

[देखिये पैरा 3(2), 7(1)]

## LETTER OF AUTHORITY

In pursuance of Order No ............................................ Dated .................................. and subject to the conditions laid down therein the Letter Authority is hereby granted to M/s ............................................................ as Pollution Checking Centre to issue Pollution Under Control Certificate for Petrol/Diesel/LNG/CNG Vehicles in accordance with provision under Rule 115(7) of the Central Motor Vehicle Rules, 1989. This Letter of Authority is valid upto ..................................

He will follow all the conditions laid down here with.

*Authorised Officer*
*(District Transport Officer)*

Station code no.
Dated of Issue
(.....................)

| Date of Renewal | Receipt No. | Valid upto |
|---|---|---|
| | | |

**शर्तें:–**

1. प्रदूषण जांच केन्द्र को मोटर यान अधिनियम, 1988, इसके अधीन बने नियमों तथा परिवहन विभाग के द्वारा जारी मोटर यान प्रदूषण जांच केन्द्र स्कीम–2005 की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

2 प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा यह प्राधिकार पत्र वाहन स्वामियों अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून अथवा विभाग के द्वारा जारी मोटर यान प्रदूषण जांच केन्द्र स्कीम–2005 के अधीन केन्द्र के परिसर की जांच करने के लिये अधिकृत जांच/निरीक्षण अधिकारी द्वारा मांग किये जाने पर उपलब्ध कराया जायेगा।

3. प्रदूषण जांच केन्द्र को प्रदूषण जांच यंत्र क्रय करने की रसीद की फोटो प्रति प्राधिकार पत्र जारी होने के 15 दिन की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी।

4. प्रदूषण जांच केन्द्र द्वारा केवल वही गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर प्रदूषण जांच में प्रयुक्त किये जायेंगे जो मोटर यान नियम, 1989 के नियम 116 के अन्तर्गत अधिकृत संस्था से अनुमोदित हो।

5. प्रदूषण जांच यंत्र के साथ प्रिन्टर का उपयोग आवश्यक रूप से किया जावे। प्रिन्टर से प्राप्त रिपोर्ट में निकलने वाली गैस का रिकार्ड आवश्यक रूप से अंकित होना चाहिये तथा उस रिकार्ड के आधार पर वाहन में आवश्यक सुधार किये जाने के पश्चात् ही प्रमाण–पत्र एवं स्टीकर जारी किये जावें।

6. प्रदूषण जांच केन्द्र के राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसियेशन द्वारा ही जारी की गयी रसीद बुक, स्टीकर अन्य संबंधित स्टेशनरी प्रयुक्त करेगा।

7. वाहन की जांच के बाद जारी प्रमाण–पत्र के साथ उत्सर्जित गैस का प्रिन्टेड विवरण भी लगाया जायेगा।

8. परिवहन आयुक्त द्वारा निर्देशित किये जाने पर प्राधिकृत जांच केन्द्र को अपने तकनीकी कर्मचारियों को किसी विहित संस्थान में जांच केन्द्र के व्यय पर प्रशिक्षण प्राप्त कराना होगा।

9. प्राधिकृत जांच केन्द्र समय–समय पर वाहन स्वामियों की जानकारी हेतु मोटर यान प्रदूषण से संबंधित वस्तु परख साहित्य उपलब्ध करायेगा।

10. प्राधिकृत जांच केन्द्र के परिसर में मोटर यानों के अन्दर आने और बाहर जाने हेतु समुचित व्यवस्था इस प्रकार की जायेगी कि परिसर के आस–पास सार्वजनिक मार्ग पर यातायात अवरूद्ध न हो तथा परिसर के अन्दर वाहनों की प्रदूषण जांच संबंधी जांच क्रमानुसार सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके। प्रदूषण संबंधी जांच सार्वजनिक मार्ग पर न की जाकर प्राधिकृत एजेन्सी के परिसर में ही की जायेगी।

11. प्राधिकृत जांच केन्द्र के गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर तथा अन्य उपकरण सदैव ऐसी स्थिति में रखे जायेंगे कि वे केन्द्रीय मोटर यान नियमों की अपेक्षाओं की पूर्ति करें।

12. यदि किसी समय एग्जास्ट गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर आदि उपकरण केन्द्रीय मोटर यान नियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप चालू हालत में न हों तो मोटर यानों की जांच का कार्य निलंबित कर दिया जायेगा और वाहन स्वामियों को प्रमाण–पत्र जारी नहीं किये जायेंगे।

13. एग्जास्ट गैस एनेलाइजर/स्मोक मीटर से जांच का कार्य केवल इस बाबत प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी द्वारा ही किया जायेगा और प्रमाण–पत्र हस्ताक्षर केवल उस अधिकृत व्यक्ति द्वारा किये जायेंगे जिसके नमूने के हस्ताक्षर क्षेत्र के प्राधिकृत अधिकारी को पूर्व में ही उपलब्ध कराये जा चुके हों।

14. यदि प्रमाण–पत्र जारी करने के लिये व्यक्ति द्वारा केन्द्र की सेवा से त्यागपत्र दे दिया जाता है अथवा केन्द्र अधिकृत व्यक्ति में परिवर्तन करता है तो तत्काल ही संबंधित प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय में ऐसी सूचना दी जायेगी।

15. प्राधिकृत जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र जारी करने के पूर्व उसमें सभी अपेक्षित प्रविष्टियों को पूर्ण किया जायेगा और कोई अधूरा प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

16. प्राधिकृत जांच केन्द्र द्वारा केवल ऐसे वाहनों को जांच के उपरांत प्रमाण–पत्र जारी किये जा सकेंगे जो केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 115 के प्रावधानों के अनुरूप हो, ऐसे किसी भी वाहन को जो नियम 115 के उपबंधों के अनुरूप न हो, प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

17. प्राधिकृत जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र जारी करने के पूर्व उसका विवरण पृष्ठांकित व राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन से सत्यापित किये हुये रजिस्टर (प्ररूप–3) में संधारित किया जायेगा और रजिस्टर को निरीक्षण हेतु परिसर में सदैव उपलब्ध रखा जायेगा।

18. प्राधिकृत जांच केन्द्र द्वारा प्रमाण–पत्र के विहित प्रारूप से भिन्न प्रारूप पर कोई प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

19. प्राधिकृत जांच केन्द्र वाहन स्वामी से प्रमाण–पत्र जारी करने के लिये राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित फीस की रकम ही वसूली करेगा। प्राप्त की जाने वाली फीस की प्रत्येक रकम की वाहन स्वामी को रसीद दी जायेगी।

20. प्राधिकृत जांच केन्द्र प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 10 दिन के भीतर संबंधित प्राधिकृतअधिकारी कार्यालय को प्ररूप "4" में एक त्रैमासिक विवरण भेजेगा।

21. प्राधिकृत जांच केन्द्र वाहन स्वामियों की शिकायतों एवं उनके सुझाव प्राप्त करने हेतु एक "शिकायत/सुझाव पुस्तिका" रखेगा जो वाहन स्वामी द्वारा मांग किये जाने पर उसे सुझाव/शिकायत अंकित करने के लिये उपलब्ध करायेगा।

22. प्राधिकृत जांच केन्द्र के द्वारा परिसर के निरीक्षण के लिये प्राधिकृत अधिकारियों को निरीक्षण हेतु सुविधा, आवश्यक अभिलेख एवं सहयोग दिया जायेगा।

23. यदि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राधिकृत पत्र निरस्त/निलंबित कर दिया जाता है तो वाहनों को प्रमाण–पत्र जारी करने का कार्य तत्काल बंद कर दिया जायेगा।

24. राज्य सरकार अथवा परिवहन आयुक्त इस आदेश के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से प्राधिकृत प्रदूषण जांच केन्द्रों को समय–समय पर आवश्यक निर्देश दे सकेंगे, ऐसे प्रसारित निर्देशों का पालन बंधनकारी होगा।

## प्ररूप–3

[देखिये पैरा 9(1)]

**प्रदूषण जांच किये गये वाहनों का रजिस्टर जांच हेतु लाये गये वाहनों का विवरण**

| क्र.सं. | जांच की दिनांक | जांच का समय | प्रकार (दो पहिया/ तीन पहिया/ चार पहिया | रजिस्ट्रेशन नम्बर | वाहन का मॉडल या मेक | कार्बन मोनोक्साइड जांच के बाद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

| स्मोक डैन्सिटी स्तर सुधार के बाद | जारी किया गया हो तो प्रमाण–पत्र नम्बर | डुप्लीकेट/टोकन दिया गया हो तो नम्बर | विशेष नम्बर |
|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | | |

## प्ररूप–4

[देखिये पैरा 9(2), 13(1)]

**प्रदूषण जांच केन्द्र की त्रैमासिक रिपोर्ट**

त्रैमास के लिये रिपोर्ट........................................................

प्राधिकार जांच केन्द्र का नाम............................................

प्राधिकार जांच केन्द्र का कोड नम्बर..................................

**(संख्या में)**

**प्रदूषण प्रमाण-पत्र जारी किया**

| वाहन की श्रेणी | | कुल जांच किये गये वाहन | प्रथम जांच के बाद | सुधार के बाद | योग | वाहन जिन्हें प्रमाण–पत्र नहीं दिया गया | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चार पहिया | पेट्रोल<br>डीजल<br>एल.पी.जी.<br>सी.एन.जी. | | | | | | |
| तीन पहिया | पेट्रोल<br>डीजल<br>एल.पी.जी.<br>सी.एन.जी. | | | | | | |
| दो पहिया | पेट्रोल<br>डीजल | | | | | | |
| | योग | | | | | | |

*अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता का नाम*
*मय सील एवं हस्ताक्षर*

## प्ररूप—5

[देखिये पैरा 14(4)]

**अधिकृत व्यक्तियों के नाम एवं नमूने के हस्ताक्षर की सूचना**

सेवा में,

प्राधिकृत अधिकारी
(जिला परिवहन अधिकारी)
.........................................

विषय— **प्रदूषण जांच केन्द्र पर अधिकृत व्यक्तियों की सूचना।**

महोदय,

परिवहन विभाग के आदेश क्रमांक प. 10(281) परि/पी.डी./भाग—5, दिनांक........................के पैरा 14(3) के अनुसरण में यह सूचित किया जाता है कि प्रदूषण जांच केन्द्र........................ (कोड़ नम्बर..................) पर अधिकृत व्यक्तियों के नाम तथा उनके नमूने के हस्ताक्षर निम्न प्रकार हैं:—

1. श्री.................................................................................................... के नमूने के हस्ताक्षर
 (1) ...................................... (2) ....................................(3) ....................................
2. श्री.................................................................................................... के नमूने के हस्ताक्षर
 (1) ...................................... (2) ....................................(3) ....................................
3. श्री.................................................................................................... के नमूने के हस्ताक्षर
 (1) ...................................... (2) ....................................(3) ....................................

स्थान..........................

दिनांक.................200.........

भवदीय,
प्रदूषण जांच केन्द्र स्वामी का नाम
एवं हस्ताक्षर

## प्ररूप—6

[देखिये पैरा 17]

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय में प्रदूषण जांच संबंधी प्राधिकृत जांच केन्द्रों का विवरण दर्शाने वाला रजिस्टर**

| क्र सं. | प्राधिकृत केन्द्र का नाम, पता | प्राधिकृत केन्द्र के स्वामी का नाम | जारी प्राधिकार—पत्र का क्रमांक | प्राधिकार—पत्र जारी करने की दिनांक | प्राधिकार—पत्र की विधि मान्यता | प्राधिकृत केन्द्र निलंबन/निरस्तीकरण नवीनीकरण का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

### प्ररूप—7

### राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसियेशन द्वारा प्राधिकृत प्रदूषण जांच केन्द्रों को जारी स्टेशनरी का विवरण

| क्र सं. | प्राधिकृत केन्द्र का नाम, पता | प्राधिकृत केन्द्र के स्वामी का नाम | जारी प्राधिकार–पत्र का क्रमांक | प्राधिकार–पत्र जारी करने की दिनांक | प्राधिकार–पत्र की विधि मान्यता | प्राधिकृत केन्द्र को जारी प्रमाण–पत्र एवं स्टीकर का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

## Pollution Under Control Certificate
## FOR PETROL/CNG/LPG/VEHICLES ONLY
## [Approved by Department of Transport, No.B/P
## Government of Rajasthan, Jaipur

It is certified that the Vehicle No. .............................. Make conforms the emission level of exhaust to the standards prescribed under Rule 115(2) of Central Motor Vehicles Rules, 1989. This Certificate is valid upto ............................ .

| S. No. | Type of Vehicle | Co% | Before Setting | After Setting | *HC PPm | Before Setting | After Setting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 & 3–Wheelers (2/4 stroke) (Vehicles manufactured on and before 31st March 2000) | 4.5 | | | 9000 | | |
| 2. | 2&3-Wheelers (2-stroke) (Vehicles manufactured after 31st March 2000) | 3.5 | | | 6000 | | |
| 3. | 2 & 3–Wheelers (4 stroke) (Vehicles manufactured after 31st March, 2000) | 3.5 | | | 4500 | | |
| 4. | Bharat Stage-II Compliant 4 Wheelers | 0.5 | | | 750 | | |
| 5. | 4–Wheelers other than Bharat Stage–II compliant | 3.0 | | | 1500 | | |

* The Idling emission standards for vehicles when operating on Compressed Natural Gas (CNG),shall contain Non-Methane Hydrocarbon (NMHC) in place of Hydrocarbon (HC) and shall be estimated by the following formula.

NMHC=0.3 X HC

Where HC = Total hydrocarbon measured as n-Hexane equivalent

Similarly Idling emission standards for vehicles when operating on Liquified

Petroleum Gas. (LPG), shall contain Reactive Hydrocarbon (RHC) in place of Hydrocarbon (HC) and shall be estimated by the following formula.

RHC=0.5 x HC

Where HC= Total hydrocarbon measured as n-Hexane equivalent

Name of the Centre..................

Dealer's Code ............................

Testing Fee Charged ................

Pollution under Control Benefits

Date of Testing ......................

*Signature of Authorised person*

1. Increase fuel Efficiency
2. Increase Engine Life
3. Save Environment

(Name With Seal)

---

(In case of any Complaint, Please write to Transport Commissioner, Govt. of Rajasthan, Sahkar Marg, Jaipur).

## Pollution Under Control Certificate
## For Diesel Vehicles Only
## [Approved by Department of Transport, Government of Rajasthan, Jaipur]

It is certified that the Vehicle No. .................................. Make ................................ conforms the emission level of exhaust to the standards prescribed under Rule 115 (2) of Central Motor Vehicles Rules, 1989. This Certificate is valid upto ................

| Method of Test | Maximum Smoke Density | Before Setting | After Setting |
|---|---|---|---|
| Free acceleration test for turbo charged Engine and naturally aspirated Engine | 65 Hartridge Units<br>2.45 Light absorption coefficient (l/m) | | |

**Note:–** 1. "Mass emission standards for vehicles when operating on Compressed Natural Gas (hereinafter in this rule referred to as "CNG") shall be the same as are applicable for gasoline vehicles with the exception that HC shall be replaced by Non-Mathane hydrocarbon (NMHC)=0.3 X HC"

2. "Mass emission standards for vehicles when operating on Liquified Petroleum Gas (hereinafter in this rule referred to as "LPG") shall be the same as are applicable for gasoline vehicles with the exception that HC shall be replaced by Reactive hydrocarbon (RHC), where RHC=0.5xHC".

Name of the Centre ...........................

Dealer's code ........................................

Testing Fee Charged ..........................

Pollution under Control Benefits

Date of Testing ................

Signature of Authorised Person

1. Increase Fuel Efficiency
2. Increase Engine Life
3. Save Environment

(Name With Seal)

## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

**अधिसूचना सं. न्याय/ग्रुप–2/2005/4753, दिनांक 21.12.2005.**– राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 5.58(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं, राजेश्वर सिंह, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर जनहित में ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास दिल्ली रोड पर स्थित बजरी मण्डी की जमीन को मंजिली वाहनों के ठहराव स्थल (स्टेण्ड) के रूप में अधिसूचित करता हूं।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-1(Kh), dated 23.12.2005].*

---

## कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

**अधिसूचना सं. न्याय/ग्रुप–2/1043, दिनांक 1.3.2006.**– राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 8.1(ii) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं, राजवेश्वर सिंह, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर, जयपुर शहर में चांदपोल से रेल्वे स्टेशन, गवर्नमेंट हास्टल चौराहा से चांदपोल एवं वनस्थली मार्ग को भारी वाहनों के लिये नो–पार्किंग (No Parking) जोन घोषित करता हूं एवं चांदपोल से रेलवे स्टेशन के बीच मिनी बस (सिटी बस) व रोडवेज बसों के लिये सिन्धी कैम्प, पोलोविक्ट्री व खासाकोठी तथा गवर्नमेंट हास्टल से चांदपोल के बीच वनस्थली मार्ग तिराहा व सिटी सैन्टर को बस स्टेण्ड/बस स्टाप घोषित करता हूं।

यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-1(Kh), dated 4.3.2006].*

---

## कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

**अधिसूचना सं. न्याय/ग्रुप–2/1326, दिनांक 10.3.2006.**– राजस्थान मोटर यान मियम, 1990 के नियम 8.1(ii) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं, राजवेश्वर सिंह, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर, जयपुर शहर में निम्न स्थानों पर भार वाहनों के लिये नो–पार्किंग (No Parking) जोन घोषित करता हूं:–

1. ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे से आर.ए.सी. कट तक।
2. गुरुद्वारा मोड से मच्छी दरवाजा तक।
3. गणपति प्लाजा से पोलोविक्ट्री तक।
4. आचार्य तुलसीदास मार्ग, गौरव टावर रोड, मालवीया नगर पुलिया से उतरते ही बायीं ओर मकान नं. 95, कल्याण कॉलोनी, सावित्री टावर के मध्य से जाने वाली मुख्य सड़क के दोनों ओर व अंतिम छोर–33/11 के.वी. विद्युत सर्विस स्टेशन, गौरव टावर तक।

यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-1(Kh), dated 13.3.2006].*

---

**अधिसूचना सं. प. 9(28) एसटीए/आरटीए/परि./मु./88/II, S.O. 136, दिनांक 6.7.2006**– मोटर यान अधिनियम, 1988 (केन्द्रीय अधिनियम सं. 59 आफ 1988) की धारा 67 की उपधारा (1) के खण्ड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तथा उक्त उपधारा के खण्ड (क) से (घ) तक की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या एफ. 7 (71) (100) परि/नियम/मु./97/पार्ट, दिनांक 6.7.2006 के अनुसार राज्य परिवहन प्राधिकरण को जारी किये गये निर्देशों की

अनुपालना में राज्य परिवहन प्राधिकरण अनन्यतः नगरपालिका या नगर सुधार न्यास की सीमा में चलने वाली मंजिली गाड़ियों, ऑटो रिक्शाओं व ऑटो तांगाओं के लिये भाड़े की अधिकतम दरें निम्नानुसार नियत करती है:–

| वाहन की किस्म | भाड़े की दरें रु. पै. | | रोके रखने के लिये प्रभार | सामान के लिये प्रभार |
|---|---|---|---|---|
| 1. मंजिली गाड़ियां | 3.00 | 2 कि.मी. तक | | |
| | 4.00 | 2 कि.मी. से अधिक किन्तु 4 कि.मी. तक | | |
| | 5.00 | 4 कि.मी. से अधिक किन्तु 6 कि.मी. तक | | |
| | 6.00 | 6 कि.मी. से अधिक किन्तु 10 कि.मी. तक | | |
| | 7.00 | 10 कि.मी. से अधिक किन्तु 15 कि.मी. तक | | |
| | 9.00 | 15 कि.मी. से अधिक किन्तु 20 कि.मी. तक | | |
| | 10.00 | 20 कि.मी. से अधिक किन्तु 25 कि.मी. तक | | |
| | 12.00 | 25 कि.मी. से अधिक किन्तु 30 कि.मी. तक | | |
| | 14.00 | 30 कि.मी. से अधिक किन्तु 35 कि.मी. तक | | |
| | 16.00 | 35 कि.मी. से अधिक | | |
| 2. ऑटो रिक्शा | 10.00<br>5.50 | प्रथम एक कि.मी. तक के लिये न्यूनतम<br>प्रत्येक प्रश्चात्वर्ती कि.मी. के लिये | रोके रखने की संपूर्ण अवधि के लिये 20 पैसे प्रतिमिनिट। | 1. 10 कि.ग्रा. तक के किसी भी पैकेज के लिये कोई प्रभार नहीं। 2. 10 कि.ग्रा. से अधिक के पैकेज के लिये 2/– रु. प्रति पैकेज। |
| 3. ऑटो तांगा | 12.00<br>6.50 | प्रथम एक कि.मी. तक के लिये न्यूनतम<br>प्रत्येक प्रश्चात्वर्ती कि.मी. के लिये | रोके रखने की संपूर्ण अवधि के लिये 20 पैसे प्रतिमिनिट। | 1. 10 कि.ग्रा. तक के किसी भी पैकेज के लिये कोई प्रभार नहीं। 2. 10 कि.ग्रा. से अधिक के पैकेज के लिये 2/– रु. प्रति पैकेज। |

**नोट**– रात्रिकालीन प्रभार– ऑटोरिक्शा व ऑटोतांगा के लिये रात्रि 10.30 बजे से प्रातः 5.00 बजे तक उपर्युक्त दरों से देय भाड़े के अतिरिक्त उसका 25 प्रतिशत और देय होगा।

---

**अधिसूचना सं. प. 7(60) परि/नियम/मु./85, दिनांक 11.7.2006.**– केन्द्रीय मोटर यान नियम, 1989 के नियम 108 के अन्तर्गत उच्च पदस्थों को ले जाने वाले या उनका अनुसरण करने वाले यानों के उच्च पदस्थों को ले जाने वाले वाहनों पर लालबत्ती एवं नीली बत्ती के उपयोग को अनुज्ञात करने वाली पूर्व में जारी समस्त अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करते हुये राज्य सरकार उच्च पदस्थों को

ले जाने वाले या उनका अनुसरण करने वाले यानों, गश्ती ड्यूटी में प्रयोग में लिये जाने वाले यानों एवं बैंगनी रंग के कांच से ढके हुये लालबत्ती के उपयोग करने वाले एम्बुलेंस के लिये निम्नानुसार निर्देश जारी करती है:—

1. **यानों पर लालबत्ती के उपयोग के लिये अनुज्ञात उच्च पदस्थ—**

   1. राज्यपाल, राजस्थान।
   2. मुख्यमंत्री, राजस्थान।
   3. मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय।
   4. अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा।
   5. लोकायुक्त, राजस्थान।
   6. मुख्य सूचना आयुक्त।
   7. मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, राजस्थान।
   8. मुख्य सचेतक, राजस्थान विधानसभा।
   9. नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान विधानसभा।
   10. न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय।
   11. राज्य मंत्री/उपमंत्री/सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्री/राज्य मंत्री के स्तर के दर्जे के लिये अधिसूचित उच्च पदस्थगण।
   12. उपाध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा।
   13. उप मुख्य सचेतक, राजस्थान विधानसभा।
   14. मुख्य सचिव, राजस्थान।
   15. अतिरिक्त मुख्य सचिव।
   16. अध्यक्ष, राजस्व मण्डल।
   17. आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग।
   18. एडवोकेटे जनरल, राजस्थान सरकार।
   19. समस्त प्रमुख शासन सचिव।
   20. पुलिस महानिदेशक।
   21. सम्भागीय आयुक्त/रेंज प्रभारी/पुलिस महानिरीक्षक/उप—महानिरीक्षक।
   22. समस्त जिला कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक, राजस्थान।
   23. समस्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश।
   24. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, जोधपुर।
   25. नगर निगम, जयपुर, जोधपुर एवं कोटा के महापौर।
   26. समस्त जिला प्रमुख, राजस्थान।
   27. अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान।

2. **यानों पर नीली बत्ती के उपयोग हेतु अनुज्ञात विभाग और पदाधिकारीगण—**

   1. जिलों में पदस्थापित समस्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट।
   2. जोधपुर शहर में पदस्थापित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (मोबाइल)।
   3. गश्ती ड्यूटी के लिये प्रयोग में लिये जाने वाले पुलिस, आबकारी एवं परिवहन विभाग के वाहनों।

3. **बैंगनी रंग के कांच से ढकी हुई लालबत्ती के उपयोग के लिये अनुज्ञात एम्बुलेन्स यान–**

1. चिकित्सा विभाग के एम्बुलेन्स यान।
2. नागरिक सुरक्षा के लिये एम्बुलेन्स यान।
3. रेडक्रास के एम्बुलेन्स यान।

[1][यदि कोई यान जो ऐसे 'उच्च पदस्थ व्यक्ति को ले जा रहा हो, जो रैंक, प्रास्थिति और प्रसुविधाओं में अधिसूचना के कमांक '1' एवं '2' में निर्दिष्ट उच्च पदस्थ व्यक्तियों के समतुल्य औपचारिक रूप से अभिहित हो, तत्संबंधी प्रसुविधाओं के अनुसार लाल या नीली बत्ती का उपयोग करने का हकदार होगा।

यदि कोई यान जिसके शीर्ष अग्रभाग पर लाल/नीली बत्ती लगी हुई है, उच्च पदस्थ व्यक्तियों को नहीं ले जा रहा है तो ऐसी लाल/नीली बत्ती का उपयोग नहीं किया जावेगा और उसे आवरण से ढक दिया जायेगा।

यह भी आदिष्ट किया जाता है कि उपरोक्त के सिवाय कोई भी यान, लाल या नीली बत्ती का उपयोग नहीं करेगा। अनाधिकृत रूप से लाल या नीली बत्ती का उपयोग करते हुये पाये जाने वाले यानों के वाहन चालकों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 177 के अन्तर्गत प्रथम अपराध पर रुपये 100/– एवं पश्चात्‌वर्ती अपराध पर रुपये 300/– की प्रशमन राशि वसूल की जायेगी। इसके साथ ही लोक सेवकों/राज्य सेवा के अधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से लाल या नीली बत्ती के प्रयोग करते हुये पाये जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध सी.सी.ए. नियम 17/16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु उनके विभागाध्यक्ष को सूचित कर दिया जावेगा।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord., Pt- I(Kh), dated 11.7.2006].*

---

## राजस्थान सरकार
## परिवहन विभाग

**अधिसूचना सं. एफ. 9(28) एसटीए-आरटीए/परि/मु./88/II/10690, दिनांक 14.7.2006**– मोटर यान अधिनियम, 1988 (59 आफ 1988) की धारा 67 की उपधारा (1) के खण्ड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये और उक्त उपधारा के खण्ड (क) से (घ) की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या सं. एफ. 7(100) परि/नियम/मु./2005, दिनांक 6.7.2006 के अनुसार राज्य परिवहन प्राधिकरण को जारी किये गये निर्देशों की अनुपालना में राज्य परिवहन प्राधिकरण अनन्यतः नगरपालिका या नगर सुधार न्यास की सीमा में चलने वाली मंजिली गाड़ियों से भिन्न मंजिली गाड़ियों के लिये राज्य के सभी वर्गों के मार्गों पर यात्री भाड़े की दरें निम्नानुसार नियत करती हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| (1) | साधारण सेवा | 46 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (2) | एक्सप्रेस/मेल सेवा | 50 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (3) | सेमी डीलक्स सेवा | 55 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (4) | डीलक्स सेवा | 75 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |
| (5) | वातानुकूलित सेवा | 125 पैसे प्रति कि.मी. प्रति यात्री |

**स्पष्टीकरण संख्या–1.** यह दरें इस शर्त के अधीन रहते हुये अधिकतम होगी कि वयस्क यात्रियों से 5 कि.मी. की दूरी तक प्रभार्य न्यूनतम यात्री भाड़ा 2/– रु. होगा और बालक यात्रियों के मामले में 1/– रु. होगा।

---

1. अधि.सं.प. 7(60)/परि/नियम/मु./85, दिनांक 25.8.2006 द्वारा जोड़ा गया।

**स्पष्टीकरण संख्या—2.** "एक्सप्रेस/मेल सेवा" से ऐसी सेवा अभिप्रेत है जो प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार या यथास्थिति, राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से अनुज्ञात ठहरने के स्थान तथा जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय एव पंचायत समिति मुख्यालय पर ठहरने के सिवाय कम से कम 40 कि.मी. तक चल चुकने के पूर्व किसी भी स्थान पर नहीं ठहरती। एक्सप्रेस/मेल बसों में गद्दीदार सीटें लगी होंगी।

**स्पष्टीकरण संख्या—3.**

(क) "सेमी डीलक्स सेवा" से कोई ऐसी एक्सप्रेस सेवा अभिप्रेत है जिसमें—

1. मुख्य स्तम्भ केन्द्र 736.6 मि.मी. से अधिक है,
2. सीट फ्रेम विश्रामक किस्म के अच्छे उच्च पृष्ठ वाले हों किन्तु सिर विश्रामक की व्यवस्था नहीं हो। सीट फ्रेम की ऊंचाई सीट ग्रेब रेल सहित 1040 मि.मी. हो,
3. सीट की पृष्ठ से पृष्ठ तक की दूरी 762 मि.मी. हो,
4. विकसित किस्म का रबर फोम पृष्ठ विश्रामक के काम में लिया गया हो,
5. सीट विस्तार प्रति यात्री 406.4 मि.मी. गुणा 406.4 मि.मी. हो।

(ख) "डीलक्स सेवा" से कोई ऐसी एक्सप्रेस सेवा अभिप्रेत है जिसमें—

1. मुख्य स्तम्भ केन्द्र 1435.10 मि.मी. से कम नहीं है,
2. सीट या तो स्थिर, पीछे की ओर झुकावदार हो या समायोजन किस्म की हो,
3. सीट की पृष्ठ से पृष्ठ तक की दूरी 914.44 मि.मी. हो,
4. 8 पंखें, 5 ट्यूब लाइट और न्यूनतम दो एयर वेन्टीलेटर लगे हों,
5. सीट फ्रेम की ऊंचाई 1040 मि.मी. हो,
6. बॉडी सर्वतः अवरोधक (इंसुलेटेड) हो, और
7. सीट विस्तार प्रति यात्री 456 मि.मी. गुणा 456 मि.मी. हो।

**स्पष्टीकरण संख्या—4.** "यात्री भाड़ा 5 कि.मी. के प्रक्रमों (मंजिल) में संगणित किया जावेगा। इस प्रयोजन के लिये 0.5 कि.मी. से अधिक और 5. कि.मी. तक की दूरी को एक प्रक्रम (मंजिल) गिना जावेगा और 0.5 कि.मी. तक की दूरी को छोड़ दिया जायेगा।

**स्पष्टीकरण संख्या—5.** संगणित यात्री भाड़े की राशि 1/— रु. के गुणक में निर्धारित की जावेगी और 49 पैसे या कम की राशि छोड़ दी जायेगी तथा 49 पैसे से अधिक की कोई भी राशि 1/— रु. तक पूर्णांकित की जावेगी।

उदाहरणार्थ—

| | | |
|---|---|---|
| 1.01 रु. से 1.49 रु. | = | 1.00 रुपये |
| 1.50 रु. से 1.99 रु. | = | 2.00 रुपये |

(राकेश श्रीवास्तव)
सदस्य, राज्य परिवहन प्राधिकार,
परिवहन विभाग, राजस्थान, जयपुर

---

## कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

**अधिसूचना सं. न्याय/ग्रुप—2/4845, दिनांक 12.12.2006.—** मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 116(1) एवं राजस्थान मोटर यान नियम, 1990 के नियम 5.58(1)(i) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों

का प्रयोग करते हुये मैं, राजेश्वर सिंह, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर सिंधी कैम्प क्षेत्र में निम्नलिखित स्थानों/स्थलों से सार्वजनिक लोक वाहनों के ठहराव तथा सवारियों के चढ़ाने एवं उतारने के प्रयोजन को प्रतिबंधित (Prohibit) करता हूं:--

1. 175, शिव महल, आवासीय भवन, गोविन्दम् पवित्र भोजनालय तथा शिव शंकर ट्रेवल्स, के बीच, स्टेशन रोड, जयपुर।
2. वनस्थली मार्ग पर अर्चना होटल तथा लक्ष्मी पवित्र भोजनालय के मध्य का भूखण्ड।
3. स्टेशन रोड पर होटल सी.एम. रेजीडेन्सी तथा शंकर भोजनालय के बीच का भूखण्ड।

*[Pub. in Raj. Gaz. Ex.-Ord. Part-I(Kh), dated 13.12.2006].*

---

## परिवहन विभाग

**अधिसूचना सं. एफ. 7(71)(100) परि/नियम/मु./97, एस.ओ. 311, दिनांक 11.1.2007**– मोटर यान अधिनियम, 1988 (59 आफ 1988) की धारा 67 की उपधारा (1)(i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तथा उक्त उपधारा के खण्ड (क) से (घ) तक की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार, राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरणों को एतद्द्वारा निम्नलिखित निर्देश जारी करती है, अर्थात्–

अतः राज्य सरकार को समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनका कारण अनन्यतः नगरपालिका या नगर सुधार न्यास क्षेत्रों के भीतर चलाये जाने वाले लो–फ्लोर/सेमी लो–फ्लोर एवं वातानुकूल मंजिली वाहनों के भाड़ों की दरों का निर्धारण करना आवश्यक हो गया है।

अतः अब राज्य सरकार यह निर्देश देती है कि राज्य सरकार परिवहन प्राधिकरण एवं समस्त प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण अनन्यतः या नगर सुधार न्याय क्षेत्रों में चलाये जाने वाले लो–फ्लोर/सेमी लो–फ्लोर एवं वातानुकूल मंजिली वाहनों का अधिकतम भड़ा तुरन्त प्रभाव से निम्न प्रकार नियत करेगी:-

| क्र. सं. | मार्ग दूरी | प्रस्तावित दरें लो-फ्लोर/ सेमी लो-फ्लोर | वातानुकूलित |
|---|---|---|---|
| 1. | 0–2 कि.मी. तक | 4.00 | 5.00 |
| 2. | 2 कि.मी. से अधिक किन्तु 4 कि.मी. तक | 5.00 | 8.00 |
| 3. | 4 कि.मी. से अधिक किन्तु 6 कि.मी. तक | 6.00 | 10.00 |
| 4. | 6 कि.मी. से अधिक किन्तु 10 कि.मी. तक | 7.00 | 12.00 |
| 5. | 10. कि.मी. से अधिक किन्तु 15 कि.मी. तक | 8.00 | 16.00 |
| 6. | 15 कि.मी. से अधिक किन्तु 20 कि.मी. तक | 10.00 | 20.00 |
| 7. | 20 कि.मी. से अधिक किन्तु 25 कि.मी. तक | 13.00 | 25.00 |
